23 अक्टूबर, 2023
आश्विन, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 06

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


# BRN CABS OPC PVT. LTD.

**OFFER INTERNATIONAL TOUR VISA**
**Services for all Countries, Flight ticket & Car Rental**
**Website : www.brncabs.com www.brntrips.com**










**BRN CABS** Launch android app by 25th September 2023.Driver Can add their car and earn Monthly upto 25,000₹ to 30,000₹ .For more details Drop WhatsApp **+916202185643**
We add two wheeler, 3 wheeler & 4 wheeler also.







Note : we accept commercial number / Yellow number plate. Only JHARKHAND Registered Vehicles allowed to attach with us.

**We add two wheeler, 3 wheeler & 4 wheeler also.**



**Rahul Burman**
Managing Director

## Consult for Franchise.

**Hehal Pahan Toli, Opposite Hehal Anchal Office, Ranchi-834005 (Jharkhand) brncabservice@gmail.com +916203631526**

# श्री दुर्गाबाड़ी में विशेष संधि पूजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** श्री श्री दुर्गाबाड़ी में रविवार को महा अष्टमी की पूजा प्रातः 7:30 बजे प्रारंभ हुई। साथ ही साथ चंडी पाठ भी चलता रहा। तत्पश्चात 9:30 बजे कुमारी पूजा संपन्न हुई एवं माता रानी को 10:15 पर भोग निवेदित किये गये। उसके बाद पुष्पांजलि हुई, जिसमें हजारों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे उल्लास के साथ शामिल हुए। पुनः अपराह्न 4:54 से संधि पूजा आरंभ हुई एवं 5:14 पर मां भगवती को संधि बलि संप्रदान की गयी एवं 5:42 पर संधिपूजा की समाप्ति हुई। संध्या 7 बजे महा आरती का आयोजन किया गया। उसके पश्चात हजारों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। उपरोक्त सभी तरह के कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सेतांक सेन, श्यामल राय, प्रदीप राय बाबू, जयंत कर, संजय राय, मृणाल घोष, देवनाथ गांगुली, दीपेंद्र नारायण घोष, अमित राय, नारायण प्रमाणिक, सीमांत प्रमाणिक, त्रिलोचन प्रमाणिक का सहयोग के साथ साथ बंगाल से आये पुरोहित गण के द्वारा संपन्न कराया गया। यह जानकारी श्री दुर्गा बाड़ी के प्रवक्ता प्रदीप राय बाबू ने दी।

# छप्पन सेट पूजा पंडाल में महाष्टमी की पूजा-अर्चना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** छप्पन सेट दुर्गा पूजा समिति एवं महानगर दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक एवं पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने अपने छप्पन सेट पूजा पंडाल में महाष्टमी की पूजा अर्चना की एवं छप्पन सेट आवासीय परिसर में चंद्रयान 3 पर विराजमान मां दुर्गे की प्रतिमा के समक्ष महाअष्टमी के लिए विशेष पूजन की व्यवस्था की गयी थी। निशा पूजा के उपरांत सुबह 7 बजे से महाष्टमी की पूजा प्रारंभ हुई। पूर्वाह्न 11 बजे से व्रतधारी महिलाओं के लिए पुष्पांजलि की व्यवस्था की गयी थी। खीर भोग का वितरण किया गया, संध्या 6 बजे से 10 बजे तक भव्य डांडिया का आयोजन किया गया। पंडित उदय शंकर मिश्र ने विधिविधान से मंत्रों उच्चारण के के साथ पूजा संपन्न करायी।


दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे ने कहा भगवती महागौरी की आराधना सभी मनवांछित कामना को पूर्ण करने वाली और भक्तों को अभय रूप व सौंदर्य प्रदान करने वाली हैं। छप्पन सेट में निर्मित चंद्रयान 3 पूजा पंडाल में काफी संख्या में भीड़ पहुंच रही है। इसी क्रम में देर शाम पूजा प्रांगण में पहुंचे सदर अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार का मुख्य संरक्षक आलोक दूबे ने माता का चुनरी भेंट कर स्वागत किया। समिति के अध्यक्ष गोपी दूबे, सचिव विजय गुप्ता, गोपाल तिवारी, पंकज तिवारी, कमलेश, पान सिंह, दीपक ठाकुर, शशि कुमार, विवेक सिंह, अजय थापा, मनोज सिंह, जेडी गुरुंग, नितिन, कमलेश झा, दिलीप, नीरज, अश्वनी, बबलू विजयवर्गीय, विवेक छेत्री, रोहित छेत्री, राकेश वर्मा पूजा संपन्न कराने में सहयोग कर रहे हैं।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में नवरात्र महोत्सव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में नवरात्र महोत्सव अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। इस उत्सव की शुरुआत एक विशेष सभा से की गयी, जहां छात्रों द्वारा आकर्षक नृत्य और गीत प्रस्तुत किये गये। भाव नृत्य के द्वारा देवी दुर्गा के नौ रूपों के महत्व को दर्शाया गया। संपूर्ण विद्यालय परिसर श्लोकों के पवित्र उच्चारण से गूंज उठा। इसके बाद छात्रों और शिक्षक दोनों के लिए विशेष डांडिया सत्र का आयोजन किया गया। छात्रों द्वारा धुनुची नृत्य का प्रदर्शन भी किया गया। छात्रों ने शक्ति की देवी से जीवन की परेशानियों से दूर रखने का आशीर्वाद मांगा। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने नवरात्र उत्सव के अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या परमजीत कौर ने इस अवसर पर सभी को बधाई दी और कहा कि जब छात्रों ने आगे बढ़ने का रास्ता चुना है, तो उन्हें विवेकशील होने की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों को इस दिन के महत्व के बारे में भी याद दिलाया और बताया कि चाहे कुछ भी हो, हमेशा अच्छाई की बुराई पर जीत होती है।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.0 °c | 16.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.19 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.49 बजे | |





# क्या 'रिटायर्ड हर्ट' किये गये हैं रघुवर दास

## बेहद रोचक है ओड़िशा का राज्यपाल बनाये जाने के पीछे का कारण



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल बनाने के फैसले के बाद भाजपा के इस कदम का अलग-अलग तरीके से विश्लेषण किया जा रहा है। इसे झारखंड की राजनीति से जोड़ कर देखा जा रहा है, तो कुछ लोग इसे रघुवर दास की सक्रिय राजनीति से विदाई के रूप में देख रहे हैं, जबकि कुछ राजनीतिक विश्लेषक उन्हें कानून के शिकंजे से बचाने के लिए उन्हें संवैधानिक कवच दिये जाने की बात कर रहे हैं। लेकिन अब जो सूचनाएं छन कर बाहर आ रही हैं, उनके अनुसार भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने रघुवर दास को राज्यपाल बनाने का फैसला बेहद सोच-समझ कर और दूरगामी रणनीति के तहत किया है। भाजपा की कार्यशैली को नजदीक से जाननेवाले मानते हैं कि पार्टी अपने किसी नेता को इस तरह सक्रिय राजनीति से विदा नहीं करती। रघुवर दास अब तक राजनीति में पूरी तरह सक्रिय थे और एक बार चुनाव हारने से उनके प्रभाव को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता है। भाजपा के लिए वह यदि सबसे अधिक काम नहीं कर रहे थे, तो किसी से कम भी नहीं थे। हमेशा लोगों के बीच रहना और अपने चुनाव क्षेत्र में हमेशा सक्रिय रहना उनकी खासियत थी। इसलिए साफ है कि ऐसे सक्रिय नेता को अचानक से राज्यपाल बनाने के पीछे केवल राजनीतिक कारण नहीं हो सकता। वास्तव में भाजपा ने रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल बनाने का फैसला मुख्य रूप से दो कारणों से किया और इन कारणों को जानने के बाद यह कहा जा सकता है कि रघुवर को 'रिटायर' नहीं किया गया है, बल्कि उन्हें 'रिटायर्ड हर्ट' किया गया है। रघुवर दास की इस नियुक्ति के पीछे के इस रोचक कारण की परत-दर-परत खोल रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही **विशेष**



राकेश सिंह

चार दिन पहले जब भाजपा नेतृत्व में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और अपने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल बनाने का फैसला किया और राष्ट्रपति भवन से उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी हुई, तब से लगातार इस बात का विश्लेषण किया जा रहा है कि अपने एक सक्रिय कद्दावर नेता को भाजपा ने अचानक से इस तरह 'रिटायर' क्यों कर दिया। पहली नजर में इस फैसले को झारखंड की राजनीति से जोड़ कर देखा जा रहा है कि भाजपा राज्य में बाबूलाल मरांडी को फ्री हैंड देना चाहती थी, इसलिए उनके रास्ते से रघुवर दास को किनारे कर दिया गया। रघुवर दास को राज्यपाल बनाने का दूसरा कारण भी झारखंड में भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग से जोड़ा जा रहा है। लेकिन भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के इस फैसले के पीछे कम से कम तीन और कारण हैं, जिन्हें जानना बेहद रोचक तो है ही, साथ ही भाजपा की दूरगामी रणनीति का पता भी चलता है।

रघुवर दास को राज्यपाल बनाये जाने के पीछे के जो कारण सामने आ रहे हैं, उनसे पता चलता है कि वास्तव में भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व उन्हें सक्रिय राजनीति से कम से कम एक साल के लिए दूर करना चाहता था। इसका मुख्य कारण आम कार्यकर्ताओं के प्रति उनका रुखा व्यवहार था। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि इस 'एटीट्यूड' ने रघुवर दास को न केवल चुनाव में हार का मुंह दिखाया, बल्कि पार्टी को झारखंड की सत्ता से भी बाहर कर दिया।

रघुवर दास राज्यपाल बन कर सियासत में जिस मुकाम तक पहुंचे हैं, उसे बेहतर समझने के लिए उनके अतीत पर गौर करना जरूरी है। उन्हें वर्ष 2014 में झारखंड का पहला गैर आदिवासी मुख्यमंत्री बना कर भाजपा ने एक अभिनव प्रयोग किया था। यह प्रयोग पांच साल तक बखूबी चला। इस दौरान अपने कार्यों से रघुवर दास न सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बल्कि गृह मंत्री अमित शाह के भी करीबी हो गये। लेकिन सीएम के तौर पर रघुवर ने ऐसे कई काम किये, जिससे पार्टी की छवि आदिवासी विरोधी पार्टी के रूप में प्रचारित हो गयी। इसका नतीजा 2019 के विधानसभा चुनावों में भुगतना पड़ा। पार्टी 37 सीटों से 25 सीटों पर सिमट गयी। पार्टी में गुटबाजी बढ़ी और रघुवर और सरयू राय के बीच तकरार के कारण पार्टी को न सिर्फ जमशेदपुर पूर्वी सीट गंवानी पड़ी, बल्कि सरयू राय जैसे नेता भाजपा से अलग भी हो गये।


पार्टी नेतृत्व को पता है कि रघुवर दास अपने किस्म की राजनीति करते हैं और मुख्यमंत्री के रूप में उनके कई फैसलों के खिलाफ पार्टी के भीतर आवाज भी उठी। 2019 में चाहे लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी चुनने का मसला हो या विधानसभा चुनाव में आजसू से गठबंधन का, रघुवर दास हमेशा निर्णायक भूमिका में रहे। भाजपा नेतृत्व को पता है कि रघुवर दास यदि सफलता का श्रेय लेते हैं, तो असफलता की जिम्मेदारी भी स्वीकार करते हैं। इसलिए विधानसभा चुनाव हारने के बाद उन्होंने इसकी पूरी जिम्मेवारी ली और गलती मानी। इतना ही नहीं, भाजपा नेतृत्व उनकी सलाहकार मंडली से भी नाखुश था। उन्होंने अपनी जो सलाहकार मंडली बनायी थी, वह उन्हें आम लोगों से दूर रख रही थी। कई अवसरों पर उनकी सलाहकार मंडली ने उन्हें गलत फीड बैक भी दिया। यह सलाहकार मंडली नहीं चाहती थी कि कोई मजबूत और जानकारी व्यक्ति रघुवर दास के पास सटे। इतना ही नहीं, नौकरशाहों का एक वर्ग उन पर लगातार हावी रहा था। यह सब कारण थे रघुवर दास के खिलाफ एक नैरेटिव सेट करने के। पार्टी नेतृत्व को लगा कि रघुवर दास को एक और मौका देने के लिए उन्हें कुछ दिन के लिए 'रिटायर्ड हर्ट' करना जरूरी हो गया है। ऐसे में राज्यपाल के संवैधानिक पद पर आसीन करा कर पार्टी ने उन्हें एक ब्रेक दिया है।

रघुवर दास को सक्रिय राजनीति से दूर करने के पीछे एक और कारण है। वह है उनकी उम्र। रघुवर दास 68 साल के हो चुके हैं। उम्र का तकाजा है कि पार्टी उन्हें सामने रख कर झारखंड में लंबे समय की योजना नहीं बना सकती थी। हालांकि वह उम्र के लिहाज से अगले पांच-सात सालों तक अप्रासंगिक नहीं होनेवाले थे, लेकिन उन्हें साथ लेकर लंबी प्लानिंग में थोड़ी मुश्किल जरूर होती।

### ओड़िशा फैक्टर बड़ा कारण

रघुवर दास को राज्यपाल बनाये जाने का एक बड़ा कारण ओड़िशा फैक्टर भी है। भाजपा के लिए ओड़िशा एक कठिन राज्य है। बीजू जनता दल और खास कर नवीन पटनायक के कारण यह राज्य भाजपा के लिए दुरूह बन गया है। लेकिन हाल के दिनों में बीजू जनता दल के लिए ओड़िशा की अंदरूनी हालत हालत ठीक नहीं है। उम्रजनित बीमारी के कारण नवीन पटनायक की राजनीतिक सक्रियता दिनोंदिन कम होती जा रही है। ओड़िशा में नवीन पटनायक का कोई राजनीतिक उत्तराधिकारी नहीं है। नवीन पटनायक ने बीजू जनता दल में दूसरी पंक्ति का नेतृत्व अस्तित्व में नहीं आने दिया है। कहा जा रहा है कि स्वास्थ्य कारणों से नवीन पटनायक इन दिनों पूरी तरह नौकरशाहों पर निर्भर हो गये हैं। वह खुद से कोई फैसला नहीं करते। नौकरशाह जो सुझाव देते हैं, उसी पर वह आगे बढ़ते हैं। भाजपा ने इस स्थिति को अच्छी तरह भांप लिया है और एक अनुभवी प्रशासक-राजनेता को वहां भेज कर अभी से तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि रघुवर दास के पास मुख्यमंत्री के रूप में काम करने का अच्छा अनुभव है, तो इसका लाभ नौकशाहों के भरोसे चल रहे ओड़िशा में उठाया जा सकता है। इसलिए उन्हें वहां भेजा गया है।

कुल मिला कर यही दो फैक्टर रघुवर दास को राज्यपाल बनाने के कारण हैं। इसलिए तो कहा जा रहा है कि रघुवर दास को भाजपा नेतृत्व ने 'रिटायर' नहीं किया है, बल्कि वह 'रिटायर्ड हर्ट' किये गये हैं, यानी सक्रिय राजनीति में उनके लौटने के दरवाजे हमेशा के लिए बंद नहीं हुए हैं।



23 अक्टूबर, 2023
आश्विन, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 06

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



## या देवि सर्वभूतेषु मातृ रूपेण संस्थिता:...



रविवार को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना इन मंत्रों के जाप के साथ की गयी-
सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्ति समन्विते
भयेभ्यस्त्राहिनोदेवि नारायणी नमोस्तुते।

# भक्ति में लीन है झारखंड

## राज्य भर में दुर्गापूजा की धूम, सड़कों पर बिखरी रौनक

**शाम होते ही पंडालों की ओर उमड़ा भक्तों का हुजूम**

आजाद सिपाही टीम

**रांची।** आश्विन शुक्ल पक्ष अष्टमी की तिथि और दिन रविवार। मौका शारदीय नवरात्र का, तो फिर झारखंड के लोग शक्ति की भक्ति में लीन कैसे न हों। रविवार की सुबह महाष्टमी के दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना के साथ शुरू हुई। *'सर्व मंगल मागल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके, शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते'* के मंत्रोच्चार के साथ पहले मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गयी और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया गया। इसके बाद दिन ढलने के साथ ही भक्तों का हुजूम पूजा पंडालों की तरफ बढ़ चला।



राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड का चप्पा-चप्पा रविवार के पूर्वार्द्ध में जहां भक्ति भाव से मां दुर्गा की आराधना में लीन रहा, वहीं उत्तरार्द्ध में पूजा पंडालों के साथ सड़कों पर भक्तों का हुजूम दिखा। चारों तरफ मां दुर्गा की स्तुति गान करनेवाले भजनों की गूंज के बीच आकर्षक ढंग से सजाये गये पूजा पंडालों की रौनक शाम ढलने के साथ कई गुना बढ़ गयी। क्या शहर, क्या कस्बा और गांव, हर जगह भक्ति के साथ कल्पना और रचनात्मकता का शानदार मिश्रण देखने को मिल रहा है। आकर्षक लाइटिंग, देश-विदेश की प्रसिद्ध इमारतों, मंदिरों और चर्चित घटनाओं पर आधारित पूजा पंडालों के भीतर जहां मां दुर्गा की नयनाभिराम प्रतिमाएं लोगों को आकर्षित कर रही हैं, वहीं सड़कों पर रात भर रौनक पसरी रही।

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मां दुर्गा की भक्ति से भरे भजन बज रहे हैं। राज्य के विभिन्न इलाकों में बने पूजा पंडालों के अतिरिक्त मंदिरों में सुबह से ही अष्टमी पूजा की भीड़ रही। वहीं शाम होते ही भक्तों का हुजूम पंडाल देखने निकल पड़ा। इस दौरान व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन चौकस रहा।




## शुभकामनाएं

सभी पाठकों, हॉकर बंधुओं, विज्ञापनदाताओं, एजेंटों, शुभचिंतकों, झारखंड और समस्त देशवासियों को आजाद सिपाही परिवार की ओर से शारदीय नवरात्र और विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं।

\- प्रबंधक

## अवकाश की सूचना

शारदीय नवरात्र और विजयादशमी के अवसर पर आजाद सिपाही का कार्यालय 23 और 24 अक्टूबर 2023 को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक 26 अक्टूबर 2023 को प्रकाशित होगा।

\- प्रबंधक




### मल्लिकार्जुन खड़गे के हमले पर भाजपा का पलटवार

# कांग्रेस को गरीबों और लोक सेवकों से परेशानी : जेपी नड्डा

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा के चुनावी अभियान पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल कर रही है। इन आरोपों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश के गरीबों की सेवा करनेवाले अधिकारियों और लोक सेवकों से परेशानी है। पार्टी देश की जनता की गरीबी दूर होते नहीं देख सकती। नड्डा ने खड़गे के बयान के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कांग्रेस और खड़गे को



आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, मुझे यह देख कर हैरानी होती है कि कांग्रेस पार्टी को योजनाओं की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर तक पहुंचने वाले लोक सेवकों से दिक्कत है। उन्होंने सवाल किया कि अगर शासन का मूल सिद्धांत यह नहीं है, तो क्या है।

### क्या कहा था खड़गे ने

इससे पहले भाजपा की 'रथ यात्रा' पर भी खड़गे ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा, मोदी सरकार हमेशा केवल प्रचार में ही लगी रहती है। देश में उनके खिलाफ माहौल बन रहा है। ऐसे समय में भाजपा ने आदेश निकाला है कि अफसर अब भाजपा की सरकार के प्रचार के लिए 'रथ प्रभारी' बनेंगे। अब वे सरकारी काम छोड़ कर सरकार की रथ यात्रा निकालेंगे। इस पर नड्डा ने कहा, कभी युद्धपोतों का इस्तेमाल निजी नौकाओं के रूप में किया गया। ऐसे कारनामों के विपरीत भाजपा सार्वजनिक संसाधनों का उपयुक्त उपयोग कर रही है।

# अकेली पड़ीं महुआ मोइत्रा

## टीएमसी ने विवाद से किया किनारा

**सांसद निशिकांत दुबे ने लोकपाल से शिकायत की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा रिश्वर लेकर सवाल पूछने के मामले में पूरी अकेली पड़ गयी हैं। उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने इस विवाद पर बात करने से इनकार कर दिया है। टीएमसी के पश्चिम बंगाल के महासचिव और प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी को इस मामले में कुछ नहीं कहना है। पार्टी को लगता है कि जो इंसान इस विवाद में घिरा है, वही इस पर बात करने के लिए सबसे सही व्यक्ति है। एक अन्य टीएमसी नेता ने कहा कि पार्टी नेतृत्व किसी भी तरह के विवाद में नहीं पड़ना चाहता है, इसलिए पार्टी इस मामले से दूरी बना कर चलेगी।

**भाजपा ने रुख साफ करने को कहा :** इस बीच, तृणमूल कांग्रेस के ऐसे बयान को लेकर भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी ऐसे अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती है। उन्होंने कहा कि जब भी टीएमसी नेता गिरफ्तार होते हैं या किसी विवाद में घिरते



हैं, तो पार्टी अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लेती है। पार्टी को यह बताना होगा कि वह महुआ मोइत्रा का समर्थन करती है या नहीं।

**निशिकांत ने लोकपाल से महुआ की शिकायत की :** दूसरी तरफ, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने महुआ मोइत्रा पर एक और गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में लिखा, कुछ पैसे के लिए एक सांसद ने देश की सुरक्षा को गिरवी रख दिया। मैंने इसे लेकर लोकपाल से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि दुबई से संसद की आइडी खोली गयी, जबकि उस वक्त वह कथित सांसद भारत में ही थीं। इस नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआइसी) पर पूरी भारत सरकार है। देश के प्रधानमंत्री, वित्त विभाग, केंद्रीय एजेंसी यहां हैं। क्या अब भी टीएमसी और विपक्षी दलों को राजनीति करनी है।



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 23 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in
06

## नव दुर्गा डांस प्रतियोगिता का उद्घाटन



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड के सोनपुरा गांव में नव दुर्गा डांस कंपटीशन का उद्घाटन मुखिया संघ के जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद के द्वारा पिता काटकर किया। कहा स्थानीय नन्हे-मुन्हे बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कि आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों के द्वारा डांस कंपटीशन में प्रथम स्थान लाने वाले विजेता को 1000 1 और द्वितीय स्थान विजेता को 701 रु, तृतीय स्थान लाने वाले कलाकारों को 501 देखकर पुरस्कृत किया जायेगा। आगे उन्होंने कहा कि गांव के स्थानिय नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम होने से बच्चों में शारिरिक व मानसिक विकास होता हैं, डांस प्रतियोगिता देखने के लिए कई गांवों के लोग पहुंचे। कलाकारों द्वारा भक्ति, हिंदी, खोरठा,नागपुरी, सहित अन्य गानों पर एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किया गया। सहित अन्य उपस्थित थे।

## दुर्गा अष्टमी पर पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। वसुधा कल्याण द्वारा दुर्गा अष्टमी के मौके पर बड़कागांव बादम भाया सांढ रोड स्थित पंडरी तालाब में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व अंजलि नीरज एवं रुचि नीरज ने किया।पंडित तालाब में लगभग 20 पौधे लगाए गये। जिसमें से अशोक पेड़ चार, कटहल चार, शीशम चार, शरीफा चार,बेलपत्र दो लगाया गया। अंजलि नीरज ने बताया कि इससे पहले हजारीबाग के कन्हरी में 30, झील में 15, एवं बुढ़वा महादेव में 13 पौधे लगाए गये। अंजलि नीरज व रुचि नीरज ने बताया किअधिक से अधिक पेड़ लगाने से प्रदूषित हवा से छुटकारा पाने में मदद मिलेगी। यह सही समय है जब हम पेड़ों के रोपण के महत्व को पहचाने और इस दिशा में जितना हो सके उतना योगदान करने की जिम्मेदारी ले सकें। वृक्षारोपण के द्वारा ही हम धरती पर अपने अस्तित्व की रक्षा कर सकते है। वसुधा कल्याण का उद्देश्य लोगों को वृक्षारोपण के लाभों के बारे में सूचित करना और उन्हें ऐसा करने में संलग्न करना है। इस कारण से कई लोग देश को हरा-भरा बनाने के लिए हाथ मिला रहे हैं और इस दिशा में काम कर रहे हैं। समय-समय पर वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए अभियान चला सकते हैं। वसुधा कल्याण जो पेड़ों को रोपण करके साफ-सुथरे और हरियाली भरे वातावरण का निर्माण करने की ज़िम्मेदारी उठाते हैं। यह संगठन पेड़ों के कटाई का भी विरोध करती है। वसुधा कल्याण पर्यावरण से संबंधित स्वच्छता अभियान, पौधरोपण और जागरूकता अभियान जैसे कई कार्यक्रम हर रविवार को अपना कार्यक्रम करती है।

## मधवाटांड़ में नवरात्र कार्यक्रम आयोजित



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड शारदीय नवरात्र के अवसर पर आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ में नवरात्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबसे पहले प्राचार्य पुनीत यादव ने मां दुर्गा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया तत्पश्चात सुनिता कुमारी, तनु प्रिया, स्वीटी कुमारी, साक्षी कुमारी, दीपा कुमारी और उनके ग्रुप ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सभी को झूमने को मजबूर कर दिया। प्राचार्य पुनीत यादव ने नवरात्र कार्यक्रम के अवसर पर कहा की मां दुर्गा जो सुख शांति और समृद्धि की देवी है इस नवरात्र में माता के नौ रूप की पूजा होती है। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य अर्जुन चंद्र यादव, रवींद्र कुमार रवि, विद्यालय के कॉर्डिनेटर महेन्द्र कुमार, गोपाल कुमार यादव, नरेश सिंह, मुकेश राणा, सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## आरएसएस के पथ संचलन के बाद बौद्धिक के साथ कार्यक्रम का समापन



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा रविवार को पथ संचलन कार्यक्रम किया गया। संचलन का कार्यक्रम बाबा बालकनाथ मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल होते हुए वैष्णो देवी मंदिर होते हुए गुलाब चौक से निकलकर एन एच के रास्ते पुनः बाबा बालकनाथ मंदिर पहुंचा। जहां विविध कार्यक्रमों के बाद जिला कार्यवाह ज्ञान चंद मेहता के बौद्धिक के बाद ध्वज प्रणाम कर कार्यक्रम का समापन हुआ। श्री मेहता ने कहा कि आर एस एस समाज, राज्य, देश व विश्व के कल्याण के लिए कार्य करता है। कहा कि द्वापर और त्रेता में जिस प्रकार श्री राम,और श्री कृष्ण ने असुरों को वध कर समाज का कल्याण किया था, मां दुर्गा ने महिषासुर और रक्तबिज का वध किया था, आज के वर्तमान परिस्थिति में हमारा दायित्व भी है कि आसुरी शक्ति का सर्वनाश करें। कार्यक्रम में जिला सह कार्यवाह मुकेश कुमार साव,खंड कार्यवाह विकास कुमार मिश्र, बबलू प्रजापति,चंदन ठाकुर, मार्ग प्रमुख कौलेश्वर मिश्र, सुजीत वर्णवाल, उपेंद्र पांडेय, विजय पांडेय, रजनीकांत चौधरी, प्रणीत मिश्र, आदित्य मिश्र, राजीव रंजन सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे।

## अष्टमी को मां महागौरी की पूजा को लेकर मंदिरों में भक्तों का लगा रहा तांता



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड क्षेत्रों में अष्टमी के दिन दुर्गा मंदिरों मां महागौरी के पुजा को लेकर भक्तों का पूजा करने का तांता लगा रहा। मां शेरावाली के दरबार में सुबह से ही बच्चे, बुढ़े एवं महिलाओं में पूजा को लेकर काफी श्रद्धा देखी गई। पुरा प्रखंड भक्ति गानों से भक्ति के रंग में रंग गया है। लोगों में श्रद्धा और भक्ति भाव देखी जा रही है। प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर में श्रद्धालु पूरी आस्था के साथ अष्टमी को मां गौरी की पूजा अर्चना की माता रानी के सजे दरबार में दर्शन करने व पूजा अर्चना के लिए विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी सपरिवार मुखिया प्रमिला देवी, पूर्व मुखिया बसंत साव सपरिवार समेत दर्जनो भक्त पहुंचे और मां की पूजा अर्चना की। पुरे क्षेत्र में सुख समृद्धि के लिए किया कामना।

## जेबीकेएसएस के बड़कागांव पश्चिमी पंचायत अध्यक्ष बने अनिता और सचिव योगेंद्र



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बड़कागांव पश्चिमी पंचायत में जेबीकेएसएस संगठन को मजबूती को लेकर महटिकरा स्कूल मैदान में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता रविंद्र कुमार मेहता व संचालन अजय कुमार महतो ने किया। बैठक मे पंचायत स्तरीय संगठन विस्तार किया गया साथ ही साथ टाइगर जयराम महतो के विचारधारा पर चर्चा किया गया और सभी ने संकल्प लिया कि हम सभी लोग कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। ओके पर पंचायत कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष अनिता कुशवाहा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, कैलास मेहता, सचिव योगेंद्र कुशवाहा, उपसचिव रविंद्र कुमार मेहता, सुनिल कुमार, दिलीप कुमार, नितीश कुमार को बनया गया।

### विधि व्यवस्था को लेकर अधिकारियों संग डीसी ने की बैठक

# पूजा पंडालों और भीड़भाड़ वाले इलाके में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



डीआईजी, डीसी और पुलिस अधीक्षक रहे मौजुद।

हजारीबाग। राज्य में दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ पर्व समेत अन्य पर्व-त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए है। त्योहार के दौरान जिलों में विधि व्यवस्था सामाजिक सौहार्द और भाईचारा बनी रहे इसके लिए राज्य स्तर से सभी जिलों में प्रभारी पदाधिकारी के रूप में वरीय प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारीयों को जिला आबंटित कर सुरक्षा व्यवस्था की कमान सौंपी गयी है। इसी क्रम में रविवार को परिसदन कक्ष में हजारीबाग के लिए वरीय प्रभारी के रूप में प्रतिनियुक्त किए गए राहुल कुमार पुरवार, (भा.प्र.से) सचिव उच्च शिक्षा और तकनीकि शिक्षा विभाग और प्रिया दूबे (भा.पु.से) अपर पुलिस महानिदेश (प्रशिक्षण और आधुनिकीकरण) की अध्यक्षता में डीआईजी नरेंद्र सिंह,उपायुक्त नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे के साथ जिला की प्रशासनिक और पुलिस व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय बैठक हुई। मौके पर उन्होंने पर्व- त्यौहार के दौरान सुरक्षा, साफ सफाई, स्वच्छता, बिजली-पानी, यातायात व्यवस्था, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली और कई अहम बिंदुओ पर चर्चा हुई। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ साथ उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को अपने सूचना तंत्र को मजबूत रखने के निर्देश दिये। दुर्गा पूजा के दौरान संवेदनशील और भीड़ भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरते। विशेष कर पूजा पंडालों और आसपास के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर निगरानी की व्यवस्था को मुस्तैद रखने को कहा।

## बड़कागांव के तीन गांवों में घरों और दुकानों से दस लाख की चोरी

**इंडियन आर्मी ने अपनी पत्नी को लेकर अस्पताल पहुंचे थे, चोरों ने घर में घुसकर चार लाख उड़ाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



बड़कागांव। बड़कागांव थाना क्षेत्र के तलसवार, सोनपुरा एवं हरली में चोरों ने घर व एक दुकान में ताला तोड़कर लगभग 10 लाख रुपए व सोना, चांदी व जेवर की चोरी हो गयी। इस संबंध में बड़कागांव थाना में मामला दर्ज की गई है। तत्पश्चात बड़कागांव पुलिस तहकीकात शुरू कर दी है। बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम तलसवार में भारतीय आर्मी के जवान कैलाश महतो पिता रामदयाल महतो के घर में 21 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर 2,05000 और एक लाख बियालिस हजार चार सौ चालीस रुपए का जेवर चोरी हो गयी। चोरों ने घर में घुसकर अलमीरा को तोड़कर यह अंजाम दी। चोरी करने के बाद अलमीरा व अन्य घर के सामग्रियों को बिखेर कर चोर भाग गये। भारतीय आर्मी कैलाश महतो ने आवेदन में बताया कि उसकी पत्नी ने पुत्र जन्म दी है। सभी परिजन अस्पताल में थे। इसी का लाभ चोरों ने उठाया। चोरी की दूसरी घटना सोनपुर में राजेंद्र महतो के घर में चोरों ने डाका डाला। राजेंद्र महतो पिता सेवक महतो ने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुदी के समिप मुख्य सड़क के किनारे सड़क पर हमारा किराना का दुकान है जिसका ताला तोड़कर चोरों ने काउंटर पर रखे महज कुछ पैसे को चुरा ले गये। इसके अलावा लखपती महतो के मकान में ताला तोड़कर चोर ने घुसकर चोरी की घटना अंजाम दिया है। पूछे बजाने पर भुगतभोगी लखपती महतो ने बताया कि 4000-5000 रुपये नगद एंव कपड़ा चुराकर चोर ले गए।तीसरी चोरी की घटना ग्राम हरली के बिंदेश्वरी देवी पति जोगेंद्र महतो के घर में ताला तोड़कर चोरों ने नगद तीस हजार रुपए, 5 तोला सोना, डेढ़ किलो चांदी चोरों ने चुरा कर भाग गये। बिंदेश्वरी देवी घर में नहीं थी। वह आरकाटा सीसीएल में काम करती है। जब वह अपना घर लौटी तो वह घर का कार्केट टूटा हुआ पाई।

## दुकान से युवक ने ढाई लाख के जेवरात चुराये


आजाद सिपाही संवाददाता



युवक ने अपनी गर्लफ्रेंड के लिए माता दुर्गा की लॉकेट दिखाने को कहा।

कोडरमा। कथित गर्लफ्रेंड के लिए चांदी की लॉकेट खरीदने पहुंचे युवक ने जेवर दुकानदार को 2 लाख से अधिक का चूना लगा दिया। मामला जिले के तिलैया थाना अंतर्गत झंडा चौक के पास स्थित एक जेवर दुकान का है। पूरी घटना जेवर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी, वहीं मामले में तिलैया थाना में शिकायत दर्ज की गई है। झंडा चौक के समीप चित्रा ज्वेलर्स के संचालक नरेंद्र प्रकाश आर्या ने बताया कि दुकान पर पहुंचे युवक ने अपनी गर्लफ्रेंड के लिए माता दुर्गा की लॉकेट दिखाने को कहा। दुकानदार ने अलग-अलग वजन के लॉकेट युवक को दिखाए, जिसमें से एक लॉकेट युवक ने पसंद किया। इसकी कीमत 2690 रुपये युवक ने दुकानदार को नकद भुगतान किया। युवक ने लॉकेट में दुकानदार से लाह भरवाने को कहा। जब दुकानदार ने अपने स्टाफ से लाह भरने को कहा तो युवक ने जेवर दुकानदार से सोने की कान की बाली दिखाने को कहा। इसी दौरान युवक ने जेवर दुकानदार को अपनी बातों में उलझा कर सोने की चेन का डिब्बा चोरी कर लिया। वह दुकान से लॉकेट लेकर निकल गया तब तक दुकानदार को चोरी होने की भनक नहीं लगी। कुछ समय के बाद जब दुकानदार ने डब्बे को चेक किया तो उन्होंने सोने की चेन का डिब्बा गायब पाया। इसके बाद जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज को चेक किया तो माता दुर्गा की लॉकेट लेने पहुंचे युवक के द्वारा सोने की चेन वाला डिब्बा चोरी करते हुए देखा। डिब्बे में 6 पीस सोने की चेन थी, जिसकी कीमत 2 लाख 42 हजार 840 रुपये है। उन्होंने घटना की शिकायत तिलैया पुलिस से की है। तिलैया पुलिस ने बताया कि जेवर दुकानदार के द्वारा घटना को लेकर आवेदन दिया गया है। इस संबंध में छानबीन जारी है।

## जलापूर्ति नहीं करनेवाले अधिकारियों पर जिला प्रशासन सख्त कार्रवाई करे : सीटू



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। नवरात्रि का महापर्व चल रहा है, नवरात्रि के महाअष्टमी के दिन सुबह में पेय जल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा शहर में जलापूर्ति नहीं की गई। इस बात को लेकर सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने नगर आयुक्त, नगर निगम, हजारीबाग को एक पत्र लिखकर कहा है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा महाअष्टमी के दिन शहर में जल आपूर्ति नहीं किया गया, जिसके कारण शहर के हजारों लोगों परेशान दिखे। विभाग के इस कार्रवाई से शहर के हजारों लोगों के आस्था को आघात पहुंचा है। विभाग का यह लापरवाही किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है और ना ही यह बर्दाश्त करने योग्य है। नवरात्रि को लेकर नगर भवन, हजारीबाग में उपायुक्त हजारीबाग की अध्यक्षता में शांति समिति के एक बैठक हुई थी, जिस बैठक में नगर आयुक्त भी उपस्थित थें। इस बैठक में फैसला लिया गया था कि नवरात्रि को देखते हुए शहर एवं से शहर से सटे हुए गांव में बिजली, सफाई, सुरक्षा के अलावा पानी की सप्लाई पर विशेष ध्यान देते हुए इन सब पर अधिकारियों को विशेष निगरानी रखना है, ताकि नवरात्रि के समय शहर वासियों को समय समुचित बिजली, सफाई, सुरक्षा और उचित मात्रा में स्वच्छ पानी की आपूर्ति की जाती रहें। जलापूर्ति न होना यह साबित करता है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को ना ही जिला प्रशासन की आदेश की कोई चिंता है और ना ही हजारीबाग शहर के हजारों लोगों की आस्था का। सीटू ने मांग किया है कि जलापूर्ति नहीं करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई किया जाए ताकि भविष्य में ऐसे विशेष अवसर पर ऐसी गलती न दोहराई जाए और शहरवासियों को बेवजह परेशान होना भी न पड़े. पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त हजारीबाग को भी दिया गया है।

## माता रानी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र वासियों को दें आशीर्वाद, सुख-समृद्धि बनाये रखें: रौशनलाल चौधरी



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सभी दुर्गा पूजा पंडालो में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने पहुंचकर माता का आशीर्वाद लिया। मौके पर सभी श्रद्धालुओं से उन्होंने कहा कि आप सभी माता रानी का त्यौहार शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाये। आगे उन्होंने बताया कि मैं माता रानी से प्रार्थना करता हूं कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में अपना आशीर्वाद बनाये रखें ताकि हम सभी बड़कागांव विधानसभा वासी सुख समृद्धि के साथ रह सके। आगे उन्होंने कहा कि माता का आशीर्वाद बना रहेगा तो बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र तरक्की के राह पर चलेगा। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, राजा खान सुरेश गिरी, उपेंद्र कुमार, सुरेश दांगी, कृष्णा साव, तुलेश्वर राम, जितेंद्र कुमार, पंकज कुमार गुप्ता सहित सभी पूजा पंडालो के अध्यक्ष सचिव को अध्यक्ष सहित दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## चामुंडा के सम्मान के रूप में संधि पूजा की जाती है, यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है: संतोष मंडल

आजाद सिपाही सवांददाता



टाटीझरिया। प्रखंड क्षेत्र में शारदीय दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है प्रमुख सह प्रमुख संघ जिला अध्यक्ष संतोष मंडल, ने प्रखंड के पूजा पंडाल का भ्रमण किया माता रानी की पूजा की और पूजा समिति के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्यों से मिलकर पंडाल का जायजा लिया और शांति पूर्वक पूजा मेला को संपन्न करवाने का अपील किया। शास्त्र के अनुसार महा अष्टमी को संधि बलि में कोहड़ा, ईख, शकरकंद, नारियल, सेव का बलि दिया जाता है इसी दिन मां दुर्गा ने महिषासुर के सहयोगी चंड और मुंड ने मां दुर्गा को पीछे से वार किया था माता रानी को क्रोध आया त्रिनेत्र खोला और चामुंडा का अवतरण धारण किया और दोनो दुष्ट का वध किया इसलिए चामुंडा के सम्मान के रूप में संधि पूजा की समयानुसार की जाती है उपप्रमुख रवि वर्नवाल ने कहा की माता रानी को 108 बेलपत्र की माला, 108 कमल गट्टा, फुल, चढ़ाने और 108 दीपक जलाने से मनोकामना पूर्ण होती है।

## जिप अध्यक्ष ने ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया



इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड के डुमरौंन गांव के जतराही मुहल्ले में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जला हुआ था। मुहल्ले के लोगों ने इसकी जानकारी जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता को दी। जिला परिषद अध्यक्ष ने तुरंत ट्रांसफार्मर बदल कर लगवाने का काम किया। इससे मुहल्ले के लोगों को नवरात्रि में प्रकाश मिला, जिससे ग्रामीण काफी खुश दिखे। ग्रामीणों के बुलावे पर रविवार को जीप चेयरमैन जतराही पहुंच ट्रांसफार्मर का फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर पूर्व मुखिया देगनारायण मेहता, संजय कुमार, चकू मेहता, सोनू यादव, विनीता देवी, लक्ष्मी कुमारी, राजेंद्र मेहता, सुनील कुमार, अशोक राणा, गीता देवी,पप्पू मेहता, विवेक कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## ढोल बजाकर खुला पट, प्रकट हुई माता रानी



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कई क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र की अष्टमी स्वरूप महागौरी की पूजा के साथ ही भक्तों के लिए माता के दर्शन के लिए पट खोल दिया। मंदिरों में देवी भक्तों की भीड़ उमड रही है। इस दौरान मंत्रोच्चारण व जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने मां महागौरी का दर्शन व पूजन किया। भक्तों के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। जैसे-जैसे नवरात्रि अंतिम चरण में पहुंच रहा है भक्तों में आस्था व भक्ति भी चरम पर पहुंच रहा है। शंख घंटे की ध्वनि से वातावरण भक्ति में हो गया है। पुजारी ने मंत्रोच्चारण व भक्तों ने माता पर पुष्प वर्षा की। सडकों से लेकर पंडालों तक भारी भीड़ दिख रही है।भीड़ स्वतः नियंत्रित-अनुशासित, सभी के हाथ जुड़े हुए हैं। शीश माता के चरणों में झुके हुए हैं। सभी पूजा पंडालों में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपने वालंटियर भी तैनात कर दिए हैं। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, अंचल अधिकारी ओमप्रकाश बड़ाईक, थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने अपने स्तर से पेट्रोलिंग एवं सुरक्षा कर्मियों की प्रति नियुक्ति की है।

## कोडरमा स्टेशन काली मंदिर में डांडिया नाइट का आयोजन



झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। पंखिडा ओ पंखिडा ओ पंखिडा ओ मेरी मॉ काली से मिलकर चला गरवा खेलेगें.. मन ले के आया माता रानी के भवन में.. दुर्गा भवानी मेरी मॉ जगदम्बे.. चल चल माता का द्वार माता का प्यार मिलेगा.. मेरी भैया लखदतार.. जैसे भजनों पर शनिवार की रात्रि में कोडरमा स्टेशन स्थित काली मंदिर में डांडिया कार्यक्रम में महिलाएं एवं युवतियां रंग बिरंगें परिधानों में डांडिया की धूम पर माता रानी को रिझाने में लगी रही। प्रेरणा शाखा के तत्वाधान में भी डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित महिलाओं व सदस्यें ने नागडा संग ढोल बाजे.. हे रामहे सबसे बडा नाम ओ शेरावाली, भक्ति प्रस्तुति पर पहली से आखरी पंक्ति में शामिल महिलाएं उनके परिजन थिकरते नजर आये। रंग बिरंगे परिधानों में सभी उजार्वान होकर डांडिया का लुप्त उठाया। शहर के अलग-अलग इलाकों में भी डांडिया की धूम मची है।

## पंसस सरस्वती देवी ने पति की याद में लगाये पौधे



इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पुराना इचाक पंचायत समिति सदस्य सरस्वती देवी के पति कारू महतो विगत कई माह से बिमार चल रहे थे। बिमारी से लंबे समय से संघर्ष कर रहे थे, अचानक 15 अक्टूबर 2023 की सुबह साढ़े सात बजे अंतिम सांस अपने गांव जलौंध में लिए। मृतक कारू महतो की याद में उनकी पत्नी पंसस सरस्वती देवी ने अपनी गांव जलौंध में दो फलदार पौधे लगाए। पौधारोपण के दौरान सरस्वती देवी ने कहा कि जब से दुनिया शुरू हुई है, तभी से इंसान और कुदरत के बीच गहरा रिश्ता रहा है। पेड़ों से पेट भरने के लिए फल-सब्जियां और अनाज मिलता रहा है। घर के लिए लकड़ी मिली। इनसे जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी मिलती है, जिसके बिना कोई एक पल भी जिन्दा नहीं रह सकता। इनसे औषधियां मिलती हैं। पेड़ इंसान की जरूरत हैं, उसके जीवन का आधार हैं। भारतीय समाज में आदिकाल से ही पर्यावरण संरक्षण को महत्व दिया गया है।

## डीसी और पुलिस अधीक्षक ने माता रानी की पूजा की



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति इस वर्ष अपनी 23 वीं वर्षगांठ वर्षगांठ बड़े धूमधाम से संपन्न कर रहा है। माता रानी की आराधना करने के लिए हर कोई पूजा पंडाल पहुंच रहा है। इसी क्रम मे शनिवार को रात्रि में पूजा पंडाल में विराजमान मां दुर्गे का दर्शन करने के लिए उपयुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे पहुंचे। उनके आगमन के बाद महासमिति के पाधिकारियों द्वारा दोनों अतिथियों को चुनरी देकर उनका स्वागत किया गया। जिसके पश्चात भव्य पंडाल की स्मृति चिन्ह भेंट की गई। दोनों अतिथियों ने माता रानी का दर्शन कर शहर के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की। दोनों अतिथियों को पंडाल की विशेषता से रूबरू कराया गया जिसके बाद अतिथियों ने पंडाल परिसर में पहुंचे बच्चों के साथ तस्वीर खिंचवाया।

## AFFIDAVIT

As per affidavit Ref. No. 23917 dated 30.09.2023 **I, Md. Aslam,** S/o Md Iliyas, aged about-50 years, by faith-Islam, by occupation Business, by nationality-Indian, Resident of Vill-Pratap Colony Sewta P.O-Marar P.S-Mandu, District-Ramgarh (Jharkhand),, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That my daughter's actual and correct name is **Sahista Khatun, date of birth 15/09/2005,** which has been mentioned in her Aadhaar card No-4658 9779 6691, Birth Certificate, all Educational certificate and other documents.
2. That my daughter's name has been mentioned as Soni Kumari (सोनी कुमारी) in her old Birth Certificate and Sukanya Yojna Account.
3. **That Sahista Khatun & Soni Kumari** is both name of same and one person i.e. my Daughter.
4. That this affidavit is required for produce before authority concern.

## शपथ पत्र

हलफनामे के अनुसार रेफरी. क्रमांक 182 दिनांक 24.08.2023 मैं, स्नेहा तिवारी पुत्री श्री ओम प्रकाश शर्मा एवं पत्नी श्री सुकेश तिवारी, निवासी ग्राम गाड़ी होटवार, पो.0. होटवार, पो.. खेलगांव (सदर), जिला, रांची, झारखंड-814012 एतद्वारा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान और घोषणा करता हूं-

1. कि मैं जन्म से भारतीय नागरिक हूं।
2. कि शादी से पहले मेरा नाम डॉली कुमारी थी और मैं स्नेहा तिवारी के नाम से जानी जाती हूं. मुझे स्नेहा तिवारी के नाम से जाना जाता है।
3. ज्योतिष के अनुसार कुंडली मेल नहीं खा रही थी, इसके बाद नाम बदलकर स्नेहा तिवारी कर दिया गया और स्नेहा तिवारी के नाम पर विवाह संपन्न हुआ।
4. वह स्नेहा तिवारी और डॉली कुमारी एक ही हैं और एक ही व्यक्ति हैं यानी मैं स्वयं
5. कि यह शपथ पत्र स्नेहा तिवारी के नाम से आधार कार्ड के लिए किया जायेगा।
6. ऊपर दिए गए कथन सही एवं सत्य हैं, यदि गलत पाए गए तो इसके लिए मैं पूर्ण रूप से जिम्मेदार होऊंगा इसलिए यह शपथ पत्र दिया जा रहा है।
7. कि इस शपथ पत्र के बाद मुझे सदैव स्नेहा तिवारी के नाम से जाना जायेगा।

# महाष्टमी पर मां महागौरी की हुई पूजा

बीरु कुमार

**रामगढ़/रजरप्पा (आजाद सिपाही संवाददाता)।** प्रसिद्ध सिद्धपीठ रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर सहित रामगढ़ जिले के विभिन्न पूजा पंडालों में शारदीय नवरात्र के आठवें दिन महाष्टमी तिथि पर रविवार को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की विशेष पूजा की गयी। इस दौरान नवरात्र को लेकर विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कई श्रद्धालुओं ने मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना की और मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना की। वहीं, मां दुर्गा से श्रद्धालुओं का अटूट नाता देखने को मिला। महाअष्टमी पर पूजा पंडालों में भक्ति की शक्ति दिखी।

**अहले सुबह से ही सड़कों पर चहल पहल :** अहले सुबह 5 बजे से ही सड़क पर चहल-पहल शुरू हो गयी थी। गोला रोड के प्राचीन दुर्गा मंदिर के वातावरण में ढाक की आवाज गूंज रही थी। वहीं, महिला श्रद्धालु अपने हाथों में पूजा की थाली लेकर पंडाल जा रही थी। पंडालों में समिति के लोग पूजा के लिए महिला श्रद्धालुओं से थाली लेकर दरबार में सजाने लगे। वहीं, श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा का दर्शन व पूजा कर आशीर्वाद लिया। दिन चढ़ने के साथ श्रद्धालुओं के कदम पूजा पंडालों की ओर बढ़ने लगे और देखते ही देखते सभी पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की मां दुर्गा के दर्शन व पूजा करने का उतावलापन से ऐसा लग रहा था कि यह भक्तों का मां से मिलन है।



## आरती में शामिल हुए भक्त, मां की भक्ति में दिखे लीन

श्रद्धालुओं ने पूजा के बाद पुष्पांजलि भी की, आरती में शामिल हुए और पंडालों में घंटों बिताकर मां दुर्गा को अपने आंखों से निहार कर उनकी आराधना कर परिवार की सुख, शांति व समृद्ध की कामना की। संधि बलि का विधान किया गया। लेकिन, श्रद्धालु दिन भर पूजा-अर्चना करते रहे।

## प्रशासन और पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त

इस बीच श्रद्धालुओं के भीड़ के मद्देनजर पंडालों में समिति के लोग व प्रशासन व पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे। जबकि, पंडालों में श्रद्धालु भोग खिचड़ी प्रसाद लेने के लिए भीड़ लगी रही। वही, रजरप्पा मंदिर में दूर-दराज से पहुंचे कई साधक मंदिर प्रक्षेत्र के विभिन्न हवन कुंडों में माता की आराधना और दुर्गा सप्तशती का पाठ करने में लीन पाये गये। महाअष्टमी तिथि को लेकर क्षेत्र के समस्त दुर्गा मंदिरों और पूजा पंडालों में भी मां की विशेष पूजा-अर्चना की गयी। जिससे संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

## महागौरी की आराधना से दूर होती है परेशानी



इस संबंध में रजरप्पा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी नवीन पंडा ने बताया कि नवरात्र की महाअष्टमी तिथि को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना करने से सभी प्रकार के कष्टों का निवारण होता है तथा भक्तों को सुख-समृद्धि और उन्नति की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि महानवमी तिथि पर सोमवार को रजरप्पा मंदिर में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ उमड़ेगी। इसे लेकर मंदिर न्यास समिति और रजरप्पा पुलिस द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह के निर्देश पर मंदिर प्रक्षेत्र में चारों ओर बैरिकेडिंग की गयी है, ताकि श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और उन्हें कोई परेशानी ना हो।

## दुर्गा पूजा में शामिल हुईं विधायक अंबा



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रिक्रेशन क्लब थाना चौक, जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित ज्योति क्लब दुर्गा मंडप सहित पतरातू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित दुर्गा पूजा में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुईं। इस दौरान अंबा प्रसाद ने विधिवत पूजा-अर्चना कर व मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने क्षेत्रवासियों को नवारात्रा की बधाई देते हुए दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण माहौल में भाईचारगी के साथ मनाने की अपील की। मौके पर रिक्रेशन क्लब के सचिव मनोज सिंह, अशोक कुमार सिंह, अशोक दुबे, पप्पू सिंह, राकेश सिंह, विनय सिंह, रणविजय सिंह, रामजनम सिंह, प्रवीण शर्मा, शैलेंद्र सिंह, विरेन्द्र सिंह, विक्रम गुप्ता, कृष्ण सिंह, विकास सिन्हा, सुनील सिन्हा, बिरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, सुनील सिंह, बलराम सिंह, अशोक दुबे, धनंजय सिंह, राजेश सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

## सरसों तेल से भरा टैंकर पलटा

**कुजू (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के हेसागढा - बीस माइल के समीप रविवार की अहले सुबह सरसों तेल से भरा टैंकर पलट गया। इसके बाद स्थानीय लोगों में तेल लूटने के लिए होड़ मच गई। आसपास के महिला पुरुष टैंकर से बहते तेल को अपने साथ लाये कनस्तर, बाल्टी, डब्बा, गैलन, डेकची में भरकर ले गए। मौके पर पहुंचे मांडू पुलिस के अधिकारी लोगों को हटाते रहे। परंतु ग्रामीण पुलिस अधिकारी की बात को अनसुना कर तेल लूटने में लग रहे। घटना के संबंध में टैंकर चालक वीरम पंजाब निवासी हरपाल सिंह ने बताया कि वह अपने टैंकर संख्या आरजे 13 जीबी- 6058 में करीब 40 टन सरसों तेल लोड कर अमृतसर पंजाब से कटक उड़ीसा लेकर जा रहा था। इस दौरान उक्त स्थल पर एक गाय अचानक सड़क पर आ गई। जिसे बचाने के क्रम में टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खेत में जाकर पलट गया। घटना में चालक को मामूली चोटे आयी हैं।

## पूजा में शामिल हुईं निशि पांडेय



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित ज्योति क्लब दुर्गा मंडप और रिक्रेशन क्लब थाना चैक दुर्गा पूजा में क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय शामिल हुई। इस दौरान निशि पांडेय ने विधिवत पूजा-अर्चना कर व मां दुर्गा सहित आराध्य देवी-देवताओं के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। मौके पर समाजसेवी निशि पांडेय ने कहा कि असत्य पर सत्य के जीत का प्रतीक है मां दुर्गा। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। साथ ही पूजा से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में सुख-समृद्धि का आगमन भी होता है। मौके पर पुरोहित राधे मोहन मिश्रा, पूजा समिति के अध्यक्ष प्रदीप मांझी, सचिव बिहारी मांझी, श्रीनिवास अग्रवाल, डीके पंडित, उपेंद्र शर्मा, विजय मिश्रा, संतन सिंह, दीपक कुमार, मुकेश राउत, राजन राउत, बैजनाथ कुमार, कामेश्वर मेहता, उपेंद्र शर्मा, अप्पू मिश्रा, संतोष पासवान, विक्की मिश्रा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## 31 तक स्टेडियम में आवागमन पर प्रतिबंध

**चतरा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के समीप लगे पशु मेला के कारण स्टेडियम में कूड़ा-कचरा ना फैले, इसको लेकर उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम को दिनांक 31 अक्टूबर 2023 तक बंद कर दिया गया है। इस अवधि में आमजनों के लिए व खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम में आवागमन प्रतिबंधित रहेगी। अगर कोई भी इसकी अवहेलना करते पकड़े जाते हैं तो उनसे दंड के रूप में निर्धारित दंड की राशि वसूल की जयेगी।

## विजयादशमी पर होगा नगर भ्रमण और शस्त्र पूजन का आयोजन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा विजयादशमी के अवसर पर नगर भ्रमण और शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। यह भ्रमण रामगढ़ के गांधी उच्च विद्यालय से लेकर लोहार टोला, झंडा चौक, सुभाष चौक होते हुए वापस गांधी विद्यालय में समापन किया गया। इस दौरान रामगढ़ सहित, गिद्दी, बलसगरा और चितरपुर से कई स्वयंसेवकों ने भाग लिया। मौके पर गांधी उच्च विद्यालय के कार्यक्रम स्थल पर शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इसके बाद गांधी उच्च विद्यालय में मुख्य वक्ता के तौर पर संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक चंद्र बहादुर सिंह ने आए हुए सभी स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवकों संघ के उत्सवों में एक महत्वपूर्ण उत्सव विजयादशमी उत्सव होता है। जो अधर्म पर धर्म की जीत को दशार्ता है। इस दौरान मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक शत्रुघ्न प्रसाद और नगर संघचालक प्रवीण झा मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से चंदन कुमार सुमित कुमार नितेश कुमार सहित कई स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

## खरवार भोगता समाज ने रघुवर दास का किया स्वागत



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** खरवार भोगता समाज विकास संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को जमशेदपूर आवास में उड़ीसा के नवमनोनित महामहिम राज्यपाल रघुवर दास से मुलाकर कर उनका जोरदार स्वागत किया। साथ ही केन्द्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू के नेतृत्व में राज्यपाल श्री दास को बुके देकर बधाई दी और नया कीर्तिमान स्थापित करने के लिए शुभकामनाएं दी। बधाई देने वालो में संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, केन्द्रीय सलाहकार झलकू गंझू, केन्द्रीय उपाध्यक्ष रामनाथ गंझू, केन्द्रीय सचिव जगन्नाथ सिंह, भोगता युवा संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष उमेश सिंह, भोगता केन्द्रीय सदस्य नरेश गंझू, गुमला जिला संरक्षक मंगल सिंह भोगता सहित तेली समाज के वरिष्ठ नेता प्रेमनाथ साहू मौजुद थें।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने भोजन का किया वितरण




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने शारदीय नवरात्रि के अष्टमी के अवसर पर रविवार को दुर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दातुन पत्तल बेचने आने वाले 150 गरीब महिला-पुरूषो और बच्चों के बीच खीर पुडी का वितरण किया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि पिछले आठ वर्षो से समाज के लोगो के सहयोग से भोजन वितरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही ठंड को देखते हुए सैकड़ो गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जायेगा। मौके पर उमाशंकर जायसवाल, प्रो रामानुज सिंह, रिंकू वर्णवाल, शिवकुमार यादव, रंजीत यादव, कमलेश कुमार, लखन राम, राजेश श्रीवास्तव, गोल्डी कुमार, मोहम्मद मुमताज, परमजीत कौर, सुनीता कौर, ईशा गिल, रमेश सोनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पोलो में नवीन जिंदल का शानदार प्रदर्शन

## टीम जिंदल पैंथर ने डेल्टा पोलो को हराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** जिन्दल पैंथर कप पोलो फाइनल मैच में नवीन जिन्दल के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम जिन्दल पैंथर ने 5.5 के मुकाबले 8 गोल से टीम डेल्टा पोलो को हरा दिया। इस रोमांचक मैच में नवीन जिन्दल ने शानदार 2 गोल कर अपनी टीम का हौसला पूरे मैच में बुलंद रखा। नोएडा के जिन्दल पोलो ग्राउंड में शनिवार की देर शाम आयोजित जिन्दल पैंथर कप के फाइनल मैच में टीम जिन्दल पैंथर और टीम डेल्टा पोलो का मुकाबला देखने सैकड़ों लोग पहुंचे। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनेक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इनमें अर्जुन पुरस्कार विजेता सिमरन शेरगिल जिंदल पैंथर की ओर से और एक अन्य अर्जुन पुरस्कार विजेता समीर सुहाग डेल्टा पोलो की ओर से खेल रहे थे। मैच के दौरान दोनों ही टीमों ने असाधारण तकनीक और कौशल का प्रदर्शन किया। इस रोमांचक मुकाबले ने पोलो खेल के प्रति नवीन जिन्दल के समर्पण को और मजबूत करते हुए टीम जिन्दल पैंथर को एक नए मुकाम पर पहुंचाया।

## आपकी मांगें जायज, जल्द होगा समस्या का समाधान : जयंत सिन्हा

**रेलवे फुट ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर विकास नगर के लोगो ने सांसद से मिला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रेलवे फुट ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा से विकास नगर के लोगों ने रंजन फौजी के नेतृत्व मिला। मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष बृज बिहारी सिंह यादव, महासचिव राम टहल महतो, वाई पी गुप्ता, गोपाल सिंह, एसके राय आदि मौजूद थे। लोगों ने सांसद जयंत सिन्हा से मिलकर कहा कि रामगढ़ रेलवे स्टेशन के दूसरे तरफ विकास नगर डिफेंस कॉलोनी के लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। छोटे बच्चों को स्कूल आने-जाने में बुजुर्गों को गरीब लोग जिनके पास वाहन नहीं है उन्हें उस पार जाने के लिए काफी लंबा दूरी तय करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान को लेकर रामगढ़ रेलवे स्टेशन में फुट ओवर ब्रिज की अतिआवश्यक है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले छात्राएं, गरीब सब्जी विक्रेता अपने माथे पर भारी-भारी सब्जी की टोकरिया लेकर आते हैं। उन्हें विकास नगर के तरफ जाने में काफी लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ती है।



### सांसद ने दिया आश्वासन

सांसद जयंत सिन्हा ने उनकी मांगों को काफी गहराई से सुना। कहा कि आपकी मांग उचित है। इसके समाधान हेतु उन्होंने तुरंत ही डीआरएम रांची से वार्ता किया। इसका समाधान निकालने का आग्रह किया। इस प्रयास से मोहल्ले के लोगों में काफी हर्ष व्याप्त है।

# रांची की खबरें

## शारदीय नवरात्र : नौवां दिन

### सिद्धिदायिनी दुर्गा का ध्यान



सिद्ध गंधर्व यक्षाद्यैर सुरैरमरैरपि ।।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी ।।

सिद्धों, गंधर्वों, यक्षों, असुरों और देवों द्वारा भी सदा सेवित होनेवाली सिद्धिदायिनी दुर्गा सिद्धि प्रदान करनेवाली हों।

प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद-9

मार्कंडेय पुराण में कल्याणमयी दुर्गा देवी के लिए विद्या और अविद्या दोनों शब्दों का प्रयोग हुआ है। ब्रह्मा की स्तुति में महाविद्या तथा देवताओं की स्तुति में लक्ष्मि लज्जे महाविद्ये सम्बोधन आये हैं। अ से लेकर क्ष तक पचास मातृकाएं आधारपीठ हैं, इनके भीतर स्थित शक्तियों का साक्षात्कार शक्ति-उपासना है। शक्तिसे शक्तिमान का अभेद-दर्शन,जीवमें शिवभाव का उदय अर्थात शिवत्व-वोध शक्ति उपासना की चरम उपलब्धि है।

बृह्न्नीलतन्त्र में कहा गया है कि रक्त और कृष्ण भेद से काली ही दो रूपों में अधिष्ठित हैं। कृष्णा का नाम दक्षिणा है तो रक्तवर्णा का नाम सुन्दरी---

विद्या हि द्विविधा प्रोक्ता कृष्णा रक्ता-प्रभेदतः ।
कृष्णा तु दक्षिणा प्रोक्ता रक्ता तु सुन्दरी मता ।।

उपासना के भेद से दोनों में द्वैत है, पर तत्वदृष्टि से अद्वैत है। वास्तव में काली और भुवनेश्वरी दोनों मूल प्रकृति के अव्यक्त और व्यक्त रूप हैं। काली से कमला तक की यात्रा दस सोपानों में अथवा दस स्तरों में पूर्ण होती है। दस विद्याओं का स्वरूप इसी रहस्य का परिणाम है। इनमें काली, तारा, छिन्नमस्ता, बगलामुखी, मातंगी, धूमावती- ये रूप और विग्रह में कठोर तथा भुवनेश्वरी, षोड़शी, कमला और भैरवी अपेक्षाकृत माधुर्यमयी रूपों की अधिष्ठात्री विद्याएं हैं। करुणा और भक्तानुग्रह कांखा तो सबमें समान है। दुष्टों का दलन-हेतु एक ही महाशक्ति दुर्गा कभी रौद्र तो कभी सौम्य रूपों में विराजित होकर नाना प्रकार की सिद्धियां प्रदान करती हैं। इच्छा से अधिक वितरण करने में समर्थ इन महाविद्याओं का स्वरूप अचिंत और शब्दातीत है, पर भक्तों के लिए इनकी कृपा हमेशा मिलती है।

अतः मां से प्रार्थना करें-

या श्रीः स्वयं सुकृतिनां भवनेष्वलक्ष्मीः
पापात्मनां कृतधियां हृदयेषु बुद्धिः ।
श्रद्धा सतां कुलजनप्रभवस्य लज्जा
तां त्वां नताः स्म परिपालय देवि विश्वम।।

जो पुण्यात्माओं के घरों में स्वयं ही लक्ष्मी रूप से, पापियों के यहां दरिद्रता रूप से, शुद्ध अन्तःकरणवाले पुरुषों के हृदय में बुद्धि रूप से, सत्पुरुषों में श्रद्धा रूप से तथा कुलीन मनुष्य में लज्जा रूप से निवास करती हैं, उन आप भगवती को हम नमस्कार करते हैं। देवि ! आप संपूर्ण विश्व का पालन कीजिए। (समाप्त)

प्रस्तुति - डॉ एनके बेरा

# रांची में भक्ति ऐसी की मां को पलकों में बिठा लें

**पूजा पंडालों की भव्यता देखते बन रही है**

सुनिल सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची शक्ति की भक्ति में लीन है। माता के जयकारे से शहर का कोना-कोना गूंज रहा है। चारों ओर भक्ति की बयार बह रही है। हर कोई भक्त देवी की भक्ति में मगन है। घर-घर देवी की उपासना के अलावा मंदिरों में भी जम कर भक्तिरस बरस रहा है। सुबह से ही भक्तों की भीड़ शहर के देवी मंदिरों में लग रही है। भक्तों का रेला सड़कों पर उमड़ रहा है। ऐसी भक्ति की मां को अपनी पलकों में बिठा लें। पूजा पंडालों की भव्यता देखते बन रही है। विहंगम दुर्गोत्सव से राजधानी रांची गुलजार है। सतरंगी रोशनी से राजधानी जैसे नहा उठी है। मां के दरबार तक पहुंचने के लिए हर भक्त आतुर है। पैर नहीं थक रहे। राजधानी का हर पूजा पंडाल कई विशेषताओं को अपने में समेटे हुए है, कहीं ऐसे करीने की कलाकारी कि लोग बनाने वालों को दाद दे रहे, हाथों ने ऐसी सज्जा की हो, श्रद्धालुओं को विश्वास नहीं हो रहा है। चंद्रशेखर आजाद पूजा पंडाल, आरआर स्पोर्टिंग रातू, बकरी बाजार पूजा पंडाल, बांधगाड़ी, हरमू पंच मंदिर, नेताजी दुर्गा पूजा कांटाटोली, राजस्थान मित्र मंडल जैसे पंडालों की भव्यता देखते बन रही है। राजधानी के पूजा पंडाल देश के वैभव, सफलता और उपलब्धियों के संदेश के साथ भक्तों का स्वागत कर रहे हैं। चंद्रयान-3 की सफलता पूजा में अभिव्यक्त हो रही है। भक्त भी चंद्रयान का प्रारूप देख कर अभिभूत हैं। बच्चे कौतूहल में हैं। शक्ति स्रोत संघ गाड़ीखाना, मोरहाबादी मेयर्स रोड का पंडाल, छप्पन सेट डोरंडा सहित शहर में दर्जनों पूजा पंडाल चंद्रयान की थीम पर बने हैं। राजधानी के दर्जनों पूजा पंडाल चंद्रयान के रूप में तैयार किये गये हैं। विज्ञान में भारत की उपलब्धियों का प्रतिबिंब राजधानी के पूजा पंडाल हैं, तो वहीं धरती को बचाने का और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दे रहे हैं। पंडरा के रवि स्टील चौक में नव जागृति युवा क्लब का पंडाल और बोड़ेया रोड का गीतांजलि क्लब का पूजा पंडाल की थीम खेती-बारी और पर्यावरण संरक्षण के थीम पर भक्तों को संदेश दे रही है। वहीं, रेलवे स्टेशन का पूजा पंडाल बेटी बचाओ और भ्रूण हत्या रोकने जैसे संदेश से भक्तों को आकर्षित कर रहा है। हरमू पंचमंदिर द्वारा तैयार स्वामी नारायण मंदिर के प्रारूप में माता रानी के दर्शन के लिए तालाब से होकर गुजरना श्रद्धालुओं के लिए अद्भुत अनुभूति है। वहीं कोकर के पूजा पंडाल में गजराज के सूंड़ से प्रवेश करना है। नेताजी नगर का पूजा पंडाल हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन कर माता के भक्तों का आह्वान कर रहा है। यहां भरतनाट्यम, कथक जैसे पारंपरिक नृत्य की भाव-भंगिमा से सुसज्जित है। राजधानी का हर एक पूजा पंडाल घूमना देखना और वहां विराजमान मां का अलौकिक दर्शन लोगों को भक्ति के रंग में सराबोर कर रहा है, हर पूजा पंडाल किसी सपनों की दुनिया का आभास करा रहा है। आम तौर पर पूजा-पंडालों में भक्तों की भीड़ सप्तमी से होती है, लेकिन इस साल षष्ठी से ही मंदिरों और पंडालों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु देर रात तक एक पंडाल से दूसरे पंडाल जाकर माता का दर्शन कर रहे हैं। इसके बाद लोग मेला का भी जम कर लुत्फ उठा रहे हैं।



## युवाओं को सद्बुद्धि दें, वे अपने माता पिता का आदर और सम्मान करें : रमेश सिंह



चहुंओर जगत जननी मां भवानी की आराधना हो रही है, वहीं वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। रांची के वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को एक सामाजिक संस्था ने रांची के विभिन्न पूजा पंडाल का अवलोकन कराया। इसी क्रम में वृद्धाश्रम के बुजुर्ग रांची के अल्बर्ट एक्का चौक स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल पहुंचे। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष, पदाधिकारी और सदस्यों ने इन बुजुर्गों को सम्मानित करते हुए माता रानी की प्रतिमा का अवलोकन कराया। वहीं पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि इन बुजुर्गों को देख कर आंखें नम हो गयी। क्या फायदा ऐसी धन दौलत और शिक्षा का, जिसमें उनके हृदय में अपने माता पिता के लिए सम्मान न हो। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा से प्रार्थना करते हैं कि आज के युवाओं को सद्बुद्धि दें जो अपने माता पिता का आदर और सम्मान करें, ताकि इन बुजुर्गों को जीवन के अंतिम पड़ाव में वृद्धाश्रम का मुख न देखना पड़े।

## युवा दस्ता ने 47 बिछुड़े बच्चों को परिवार से मिलाया



**रांची (आजाद सिपाही)।** युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि युवा दस्ता के सदस्य दुर्गा पूजा के अवसर पर अपने कर्तव्य पथ पर चल पड़े हैं। इस क्रम में उन्होंने श्री दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान मां भवानी के दर्शन को आये दर्शनार्थियों के सहयोग में पिछले तीन दिन से विभिन्न पूजा पंडाल एवं प्रमुख मार्गों में तैनात रह कर सैकड़ो महिलाओं एवं बुजुर्गों को माता रानी के दर्शन कराने में सहयोग किया। पूजा के दौरान 47 बच्चों एवं बिछड़े हुए परिवारों को मिलाने एवं घर तक पहुचाने का काम किया। राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर युवा दस्ता रांची के द्वारा स्वागत शिविर लगाया गया है। इस शिविर में युवा दस्ता द्वारा प्रचार किया जा रहा है कि सभी दर्शनार्थियों के साथ में आये सभी बच्चों एवं बुगुर्गो के पॉकेट में नाम, पता एवं फोन नंबर डाल दें, ताकि भीड़ में बिछुड़ने पर दस्ता के सदस्य उनको घर तक पहुंचा सकें। किसी भी दर्शनार्थी को किसी भी प्रकार की परेशानी हो, तो तुरंत दस्ता के सदस्य से संपर्क करें, ताकि उनकी परेशानी का समाधान निकाला जा सके। श्री दुर्गा पूजा महोत्सव को सफल बनाने में युवा दस्ता के अध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में टिंकू महतो, पीयूष आनंद, मंटू दुबे, शाहिल कुमार, राकेश सिंह, नवनीत पांडेय, ओम प्रकाश शर्मा, सोनू भारद्वाज सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अहम भूमिका निभायी।

# मालदीव में बदलता भू-राजनीतिक परिदृश्य

मालदीव के चुनाव में भारत विरोधी और चीन समर्थक राजनेता डॉ मोहम्मद मुइज्जू की जीत हुई। यह जीत इस बात की याद दिलाती है कि 3 नवंबर 1988 को भारत द्वारा किये गये जबरदस्त आप्रेशन कैक्टस के बाद से भारत-मालदीव संबंधों में कितना बदलाव आया है। मालदीव के चुनाव में भारत विरोधी और चीन समर्थक राजनेता डॉ मोहम्मद मुइज्जू की जीत हुई। यह जीत इस बात की याद दिलाती है कि 3 नवंबर 1988 को भारत द्वारा किये गये जबरदस्त आप्रेशन कैक्टस के बाद से भारत-मालदीव संबंधों में कितना बदलाव आया है। 35 साल पहले यह भारत का एक सर्जीकल हस्तक्षेप था, जिसने न केवल मालदीव में लोकतंत्र को संरक्षित किया, बल्कि अब्दुल्ला लुथुफी और उनके भाड़े के श्रीलंकाई तमिल सैनिकों के तख्तापलट को बेअसर कर दिया, जो राष्ट्रपति अब्दुल गयूम को उखाड़ फैंकना चाहते थे। 1988 में शीत युद्ध के तनाव और आंतरिक रूप से कड़वे घरेलू विभाजन के बावजूद स्व. प्रधानमंत्री राजीव गांधी के व्यक्तिगत उदाहरण पर निष्पादित आप्रेशन को पश्चिम से, विशेष रूप से रोनाल्ड रीगन और मार्गेट थैचर जैसे नेताओं से आलोचनात्मक अंतर्राष्ट्रीय प्रशंसा मिली। दोनों ने भारत की सराहना की। चीन समर्थक का भारत विरोधी होना जरूरी नहीं है। यह कोई दोहरा व रैखिक समीकरण नहीं है। हालांकि सार्वजनिक कार्यक्षेत्र में रिपोर्टों के अनुसार डॉ मोहम्मद मुइज्जू के मामले में फिलहाल यही प्रतीत होता है। डॉ मोहम्मद मुइज्जू के भारत विरोध ने एक अनावश्यक भू-राजनीतिक स्थिति पैदा कर दी है और हिंद महासागर में भारतीय प्रभाव के लिए एक स्पष्ट चुनौती पेश की है। भारत और मालदीव घनिष्ठ जातीय, भाषायी, सांस्कृतिक और वाणिज्यिक संबंध साझा करते हैं। मालदीव का नाम संस्कृत शब्द माल (माला) और दीव (द्वीप) से लिया गया है। इसके अलावा मालदीव की आधिकारिक भाषा धिवेही का संस्कृत, प्राकृत और तमिल जैसी भाषाओं से गहरा संबंध है। जब 26 जुलाई 1965 को मालदीव अंग्रेजों से स्वतंत्र हुआ तो भारत इस द्वीप समूह को मान्यता देने वाले पहले देशों में से एक था। 1981 में दोनों देशों ने एक व्यापक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसने दशकों के वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत किया। दोनों देश दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) और दक्षिण एशियाई आर्थिक संघ (एसएइयू) के संस्थापक सदस्य हैं। 2004 की अभूतपूर्व सुनामी के दौरान भारत मालदीव को राहत भेजने वाले पहले देशों में से एक था। आप्रेशन वैक्सीन मैत्री के तहत मालदीव भारत से अनुदान के रूप में कोविड-19 वैक्सीन प्राप्त करने वाला पहला देश था।

**डॉ मोहम्मद मुइज्जू के भारत विरोध ने एक अनावश्यक भू-राजनीतिक स्थिति पैदा कर दी है और हिंद महासागर में भारतीय प्रभाव के लिए एक स्पष्ट चुनौती पेश की है। भारत और मालदीव घनिष्ठ जातीय, भाषायी, सांस्कृतिक और वाणिज्यिक संबंध साझा करते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**गाजा के अल-अहली अरब अस्पताल पर हवाई हमले को 2008 के बाद से लड़े गये 5 इसराइल-हमास युद्धों में से अब तक की सबसे घातक घटना के रूप में देखा जा सकता है। इस दुखद घटना ने कई निर्दोष लोगों की जान ले ली है, जहां हमास इसे इसराइल हवाई हमले का कारण बताता है, वहीं तेल अवीव का कहना है कि यह हमास की मिसाइल के विफल होने के कारण हुआ है। हवाई हमले के बाद अस्पताल के प्रांगण में एक भयानक दृश्य था।**

# गाजा में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष करते लोग

हरि जयसिंह

जैसा कि मैं यह लिख रहा हूं, गाजा पर बम गिर रहे होंगे और फिलिस्तीनी लोग एक नये जबरन विस्थापन के खतरे का सामना कर रहे हैं, जिनके पास घिरे हुए क्षेत्र से बाहर जाने का कोई रास्ता नहीं है। युद्ध जारी है और मरने वालों की संख्या निरंतर बढ़ती ही जा रही है। इसराइल और फिलिस्तीन में जो कुछ सामने आ रहा है, वह भयावह है। गाजा शहर और उसके आसपास के क्षेत्र के सभी निवासियों को दक्षिणी गाजा पट्टी में स्थानांतरित करने के इसराइल के निर्देश के जवाब में चल रही बमबारी से सुरक्षा चाहने वाले सैंकड़ों लोगों के लिए अस्पताल अभयारण्य में बदल गये। अफसोस ऐसा नहीं होना चाहिए था।

गाजा के अल-अहली अरब अस्पताल पर हवाई हमले को 2008 के बाद से लड़े गये 5 इसराइल-हमास युद्धों में से अब तक की सबसे घातक घटना के रूप में देखा जा सकता है। इस दुखद घटना ने कई निर्दोष लोगों की जान ले ली है, जहां हमास इसे इसराइल हवाई हमले का कारण बताता है, वहीं तेल अवीव का कहना है कि यह हमास की मिसाइल के विफल होने के कारण हुआ है। हवाई हमले के बाद अस्पताल के प्रांगण में एक भयानक दृश्य था। चारों ओर खून से लथपथ और जले हुए शव बिखरे हुए थे। पास ही में उन परिवारों द्वारा छोड़े गये कंबल, बैग पैक और गद्दे देखे जा सकते हैं, जिन्होंने अपने घर नष्ट हो जाने पर अस्पताल में शरण ली थी।

**अस्पतालों को निशाना बनाना एक गंभीर युद्ध अपराध माना जाता है।**



**कहानी की शुरुआत 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इसराइल पर दागे गये रॉकेटों से करें न कि इसराइल द्वारा फिलिस्तीनी भूमि पर अवैध कब्जे और 2007 से गाजा की नाकाबंदी से। आपके पास एक पूरी तरह से अलग कहानी होगी। दुख और पीड़ा की इस अवधि के दौरान आइए उन आख्यानों पर सवाल उठायें, जो बदले और प्रतिशोध का समर्थन करते हैं।**

चिकित्साकर्मियों और आम नागरिकों ने लोगों को दार-अल-शिफा अस्पताल पहुंचाने में जल्दबाजी की। जो पहले से ही ढहने के कगार पर था। घायलों और मृतकों की भारी संख्या को संभालने के लिए अस्पताल पहले ही संघर्ष कर रहा था। युद्ध फोटोग्राफर अली जदल्ला ने अपने द्वारा देखी गयी भयावहता का वर्णन करते हुए कहा, मैंने जो देखा उसका वर्णन नहीं कर सकता। कसम खाता हूं, मैंने अपने परिवार की हत्या देखी, लेकिन आज मैंने जो देखा उसे मैं संभाल भी नहीं सकता। यह हमास-इसराइल संघर्ष की क्रूर प्रकृति और गाजा में गंभीर मानवीय संकट को रेखांकित करता है, जहां निर्दोष नागरिक हिंसा का खामियाजा भुगत रहे हैं।

अस्पतालों को निशाना बनाना एक गंभीर युद्ध अपराध माना जाता है। अफसोस की बात है कि मध्य पूर्व के सभी संघर्षों में इस नियम का उल्लंघन किया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट है कि सात अक्टूबर को संघर्ष शुरू होने के बाद से गाजा में स्वास्थ्य सुविधाओं पर 51 से अधिक हमले हुए हैं।

इस समय जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करना अभी स्मरणीय रूप से चुनौतीपूर्ण है। अमेरिका सुरक्षित क्षेत्र स्थापित करने के लिए इसराइल के साथ सहयोग कर रहा है और संघर्ष के दौरान मानवीय सहायता के लिए एक विशेष दूत नियुक्त किया है। हालांकि तेल अवीव गाजा में सहायता को प्रवेश की अनुमति नहीं दे रहा है, जिससे यह कई लोगों के लिए जीवन और मृत्यु का मामला बन गया है। बुनियादी जरूरतों के लिए हताशा ने कुछ लोगों को समुद्र के पास कुएं खोदने या गाजा के एकमात्र खारे पानी के नल पर निर्भर रहने के लिए प्रेरित किया है, जो सीवेज और समुद्री जल से दूषित है। एक सरल भाषायी तरकीब से सच्चाई को धुंधला करना आसान है। एकल कहानी और कथाएं खतरनाक हैं, इसलिए फिलिस्तीनियों और इसराइलियों के दर्द, नुकसान और मानवता को पहचानते हुए इसराइल और फिलिस्तीन में चल रही हिंसा के पीछे के संदर्भ को समझना महत्वपूर्ण है।

कहानी की शुरुआत 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इसराइल पर दागे गये रॉकेटों से करें न कि इसराइल द्वारा फिलिस्तीनी भूमि पर अवैध कब्जे और 2007 से गाजा की नाकाबंदी से। आपके पास एक पूरी तरह से अलग कहानी होगी। दुख और पीड़ा की इस अवधि के दौरान आइए उन आख्यानों पर सवाल उठायें, जो बदले और प्रतिशोध का समर्थन करते हैं। इसराईल और फिलिस्तीन और व्यापक क्षेत्र में विनाशकारी घटनाओं के समाधान के लिए सैन्य समाधान से कहीं अधिक की जरूरत है।

अब समय आ गया है कि गुटनिरपेक्ष आंदोलन के मानवीय मूल्यों से प्रेरणा ली जाये और रहने के लिए एक बेहतर दुनिया के लिए शांति और सद्भाव के बंधन को मजबूत किया जाये।

## जमशेदपुर की खबरें

### काले ने किया शहर के कई दुर्गा पूजा पंडालों का दौरा

# मां दुर्गा की कृपा से विश्व का कल्याण और आसुरी शक्तियों का नाश होगा : काले

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में शहर और आपपास क्षेत्र में दूर्गा पूजा का धूम मची है। शहरी क्षेत्र में दुगार्पूजा के दौरान कई भव्य पंडाल का निर्माण किया गया। अष्टमी पूजा के दिन सड़क से लेकर पंडालो तक श्रद्धालुओं का भीड़ देखते ही बन रही थी। लोग अपने परिवार के साथ माँ की दर्शन के लिए लंबी कतार में लगे रहे। इस पावन अवसर पर झारखंड के भाजपा पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर, राधिका नगर घोड़ाबांधा, श्री श्री उत्कल दुर्गा पूजा समिति आउटर रोड टेल्को कालोनी, पूर्वांचल पूजा कमिटी टेल्को कालोनी सी व डी रोड़ ग्रांउड, सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी न्यू केबुल टाउन, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा एवं काली पूजा समिति कैलाश नगर बमार्माइन्स, श्री श्री दुर्गा पूजा कमेटी लेबर ऑफिस रोड न्यू सीतारामडेरा, सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी ब्रिज बिहारी बागान स्लेग रोड, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गंगोत्री फ्लैट स्लेग रोड, नीतिबाग कॉलोनी दूर्गा पूजा कमेटी स्लेग रोड, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा एवं काली पूजा कमेटी शीतला मंदिर रोड भुइंयाडीह, काली दूर्गा पूजा कमेटी शीतला मंदिर रोड भुइंयाडीह, सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी आउटर रोड बागुनहातु के पूजा पंडालों का दौरा किया। मौके पर उन्होंने महाअष्टमी के पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा भाव से पूजाअर्चना कर माथा टेका व प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सभी कमेटियों के द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।इस अवसर पर श्री काले ने कहा दुर्गा पूजा स्त्री शक्ति के पूजन के प्रतीक है। इसे स्त्रीत्व की गरिमा व गौरव गान का उत्सव माना जाता है। दुर्गो उत्सव स्त्री मन के मानवीय गुणों को सहेजते हुए विजय पाने का आह्वान है। उन्होंने कहा सुखद है बहु-बेटियां इन मानवीय भावों को सहेजते हुए आगे बढ़ रही है। उनके द्वारा एक साथ कई कार्य संपन्न करते हुए घर-परिवार, बाहर-भीतर के बीच का संतुलन बनाए रखने की हमेसा प्रयास रहती है। यह कार्य भीतरी तौर पर सशक्त हुए बिना संभव नहीं। उन्होंने कहा अष्टमी और नवमी को कन्या पूजन करना स्त्रियों में विद्यमान शक्ति की आराधना और उनका आभार प्रकट करना ही है। विश्व में भारत की एक ऐसी देश है जहा स्त्री शक्ति को प्रतीक के रूप में पूजन की जाती है। हमें परंपरा पर गर्व करने के साथ उसे पूरी तरह आत्मसात करने की भी आवश्यकता है। काले ने कहा विश्व में माँ दुर्गे की कृपा से ही परिवार का कल्याण व आसुरी शक्तियों का नाश संभव।



# नौकरशाहों पर कानून के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को ट्वीट के माध्यम से कहा कि झारखंड के नौकरशाहों पर राज्य की बेहतरी के लिए कानून सम्मत कार्यान्वयन की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। आफ सभी ऐसे पिलर हैं, जो ठीक से काम कर झारखंड को देश को उन्नत राज्यों की श्रेणी में शामिल करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों यह देखा गया है कि लालचवश कुछ अधिकारी सत्ता के टूल की तरह इस्तेमाल होकर आज ऐसी मुसीबतों का सामना कर रहे हैं, जो न सिर्फ उनके लिए, बल्कि उनके पूरे परिवार, इष्ट मित्रों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। ऐसे लोग आसन्न संकटों से बचने के लिए दर-दर भटक कर अपने-अपने संपर्कों के जरिये जुगाड़ लगाते फिर रहे हैं, लेकिन कानून के सामने उनकी एक नहीं चल रही। पिछले दिनों कुछ अधिकारियों ने सत्ता के लिए लठैती करते हुए सत्ता के गलत कार्यों का विरोध करने वालों को काबू करने की गरज से दर्जनों फर्जी मुकदमे करवाये, लेकिन उनका परिणाम क्या हुआ अधिवक्ता राजीव कुमार पर भी एक के बाद एक कई एसटी एक्ट के मामले दर्ज कराये गये, लेकिन ऐसे फर्जी मामले हाइकोर्ट से न सिर्फ खारिज कर दिये गये, बल्कि पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर टिप्पणी भी की गयी। हिटलरी कार्यशैली, तानाशाही एवं दमनात्मक कार्रवाई के तहत लोगों पर किये गये ऐसे अनगिनत मुकदमे आज भी न्यायालय में लंबित हैं। मैं झारखंड के वैसे अधिकारियों से पुनः अनुरोध करता हूं कि वे पिछले अनुभवों से सबक लें। किसी के बहकावे में कानून से हट कर ऐसा गलत काम न करें, जो उनके लिए आनेवाले समय में परेशानी और मुसीबत का कारण बने।

# बोड़ाम के पंडालों में विधायक ने की पूजा-अर्चना

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोड़ाम।** जुगसलाई विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में दुगार्पूजा धूमधाम से हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। रविवार को क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी ने बोड़ाम के पूजा पंडालों का दौरा किया। महाअष्टमी पूजा के दिन जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बोड़ाम प्रखंड के श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल बाघरा, श्री श्री दुर्गा पूजा पंडाल पोखोरिया,श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति भुनी डिगारडिह, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति भुला और युवा आंचलिक दुर्गा पूजा समिति भुला में मां दुर्गा के चरणों में माथा टेंक कर पूरे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। मौके पर विधायक ने स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर महाअष्टमी की बधाई दी।विधायक ने कहा मां जगत जननी की कृपा से हम सभी चल रहे है।उनकी कृपा सभी पर बनी रहे यही माँ से कामना करते है।मौके पर हिमांशु महतो, काजल सिंह, विनय मंडल, रामू कुम्भकार, विभीषण महतो, शम्भुनाथ सिंह, रतिरमन सिंह, आकाश सिंह, फाल्गुनी महतो सहित पूजा समिति के सदस्य व क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीण शामिल है।



# कांड्रा में महाष्टमी पूजा में शामिल हुए मंत्री पुत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांड्रा।** सरायकेला खरसावां जिले के अलग-अलग क्षेत्र में ग्रामीणों के द्वारा दुर्गा पूजा हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जिले के डीसी व एसपी के निर्देश पर पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतेजाम किया गया। दुर्गोत्सव के दौरान कांड्रा बाजार के पास श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी के द्वारा आयोजित पूजा पंडाल में महाष्टमी पूजा के दौरान झारखंड सरकार के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन के पुत्र सीमल सोरेन शामिल हुए।



मौके पर समाजसेवी दयानिधि दुबे, केंद्रीय सदस्य कृष्णा बास्के, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष राम हांसदा, कमेटी के अध्यक्ष संजय महंती, सरोज बर्मन, प्रेमचंद मार्डी,करमू मंडल, सुमित सेन, संजय हलदर, प्रदीप कुमार (गुड्डू), मन्नू साव, रौनक गुप्ता, गुरुपद प्रमाणिक, सुनील महतो, संतोष बर्मन, अमन वर्मा, जय हरी प्रमाणिक सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे।

# मां दुर्गा की आस्था और भक्ति में डूबा लोहरदगा

या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भगवती दुर्गा के आगमन से पूरा शहर भक्तिमय हो गया हैं। दुर्गा में आस्था और उनकी अराधना में पूरा शहर डूब गया हैं। सप्तमी के बाद अष्टमी के दिन पंडालों में देवी भगवती का आठवां स्वरुप महागौरी की पूजा उत्साह और उमंग के साथ किया गया। महाआरती के दौरान पूजा पंडालो में भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी। गहमा गहमी के बीच श्रद्धालुओ ने महागौरी की अराधना में भक्तिपूर्वक शामिल हुए। कहा जाता है कि मां महागौरी अक्षत सुहाग की अधिष्ठात्री देवी हैं। कुंवारी कन्याओं व नारी सुलभ गुणों के लिए विख्यात हैं। मां महागौरी की अराधना से कुवारीं कन्याओं व महिलाओं के सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं। कहा जाता हैं कि भगवान शंकर को अपने पति रुप में पाने के लिए मां महागौरी ने कठोर तप किया था। जिससे उनका पूरा शरीर काला पड़ गया था। तब भगवान शंकर ने गंगाजल छिड़क कर उन्हे गौर वर्ण के रुप में लाए। तब से ही कुंवारी कन्याएं मां महागौरी की पूजा करती है। मां भगवती के प्रति के आस्था,


## तीन दर्जन से अधिक पूजा पंडालों का निर्माण


**लोहरदगा ।** जिले के शहरी और ग्रामीण इलाको में तीन दर्जन से अधिक पूजा पंडालो का निर्माण किया गया है। श्रीरामचरित मानस नवाहयान परायण पाठ गुदरी बाजार, श्रीशुभकामना दुर्गा पूजा समिति पतराटोली, श्रीदुर्गा पूजा समिति ब्लाक मोड़, मां अंबे दुर्गा पूजा समिति, षास्त्री च?क, दुर्गा पूजा समिति मैना बगीचा, दुर्गा पूजा समिति रा0म0वि0 पावरगंज, श्री दुर्गा बाड़ी पावरगंज, दुर्गा पूजा समिति अमलाटोली, जय मां दुर्गा पूजा समिति थाना टोली, दुर्गा पूजा समिति षास्त्री चैक, चंद्रषेखर आजाद क्लब, दुर्गा पूजा समिति हटिया गार्डेन, श्री श्री दुर्गा बाड़ी मंदिर, अमलाटोली, श्री दुर्गा बाड़ी तिवारी दुरा, दुर्गा पूजा समिति बौली बगीचा, मित्र मंडल गायत्री मंदिर, अपर बाजार दुर्गा पूजा समिति, भगवती आराध्य समिति राणा चैक, नवयुवक संघ बरवाटोली, दुर्गा पूजा समिति महावीर चैक, मां चंडी नवयुवक संघ मिषन चैक, नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति बीआईडी, जय मां तारिणी बक्शीडीपा, वीर षिवाजी चैक, प्राचीन दुर्गा पूजा समिति चांदकोपा, मां वैश्णव मंदिर टंगराटोली, बदला, सेन्हा ब्लाक, राणी सती मंदिर दुर्गा पूजा समिति सेन्हा, जय मां अंबे पूजा समिति बाजार टाड़ बरहीडीपा, ढ़ोल चबूतरा बरही, दुर्गा पूजा समिति मन्हो, दुर्गा पूजा समिति गांगुपारा, दुर्गा पूजा समिति हेन्दलासो कुजरा समेत जिले के विभिन्न प्रखंडो में पूजा समितियों द्वारा भव्य पंडालो का निर्माण किया गया है।











## शांति आश्रम में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम किया गया



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं जय श्रीराम समिति के द्वारा महाअष्टमी के दिन शांति आश्रम में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर सच्चिदानंद अग्रवाल जी ने शस्त्र पूजन पर प्रकाश डालते हुए सभी सनातनियों को एकजुट रहने की बात कही इसके साथ ही हिंदू राष्ट्र की जय सनातन समाज की जय के नारों के साथ समापन किया गया। मौके पर सच्चिदानंद अग्रवाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक दीपक कुमार, विपुल तमेड़ा शरद चंद्र आचार्य जय श्री राम समिति के जिला संरक्षक सुषमा सिंह अजय सोनी जिला कार्यकारी अध्यक्ष दया शंकर सिंह, ओम महतो जिला महामंत्री प्रदीप साहू नगर अध्यक्ष दीपक साहू नगर उपाध्यक्ष दिग्गज सिंह, आशीष वर्मा मीडिया प्रभारी विष्णु साहू, नीरज कुमार, चंदन साहू, अंकित सिंह, दीनानाथ, आयुष साहू, सत्यम, राजू सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



शारदीय नवरात्र को लेकर पूरा महुआडांड प्रखंड भक्ति भाव में डूबा

## महाअष्टमी के पावन अवसर पर पुजा पंडालों में भक्तों ने की मां दुर्गा की आराधना



**कैरो (आजाद सिपाही)।** महाअष्टमी के पावन अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सभी पुजा पंडालों में श्रद्धालु भक्तों का भीड़ उमड़ पड़ा.श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा शक्तिस्वरूपा माता महागौरी की पुजा अर्चना करते हुए अमन चैन और सुख समृद्धि के लिये कामना किया गया।वही महाअष्टमी के मौके पर महिला श्रदालु भक्तों द्वारा माता दुर्गा का अष्टम स्वरूप महागौरी की पुजा अर्चना करते हुए संतानों के कुशलता और दीघार्यु के लिए मंगल कामना किया गया। प्रखंड क्षेत्र के कैरो, नागजुवा और हनहट सहित सभी जगहों के पुजा पंडालों में श्रद्धालु भक्तजनों के द्वारा महाष्टमी के पावन अवसर पर महिला,पुरुष और युवक युवतियों द्वारा श्रद्धा और भक्तिभाव से माँ दुर्गा का पूजा अर्चना किया गया। भक्तो को किसी तरह की परेशानी न हो इसको देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के लिए कैरो थाना सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार हनहट में संजय कुमार राय वहीं नागजुवा में वर्मा उरांव के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराया गया है। साथ ही पूरे क्षेत्रों में ऋषिकांत कुमार नजर बनाए हुए हैं।



सेन्हा में महाअष्टमी के दिन पुजा पंडालो भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी

## आप अपनी मेहनत से कुछ भी हासिल कर सकते हैं : उपायुक्त

लोहरदगा में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदर्शित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां द्वारा संयुक्त रूप से रविवार को नगर भवन लोहरदगा में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी शामिल हुए। ज्ञात हो कि वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप-2023 का आयोजन रांची में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 तक किया जा रहा है। दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क है। प्रतियोगिता में भारत, जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें भाग लेंगीं। इस बाबत ट्रॉफी का टूर झारखंड के 24 जिलों में आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य हॉकी प्रेमियों को इस प्रतियोगिता के बारे जानकारी उपलब्ध कराना और आयोजन को सफल बनाने का है। मौके पर उपायुक्त ने खेल प्रशंसकों को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर से बेहतर की तलाश करो, मिल जाये नदी तो समुंदर की तलाश करो, टूट जाता है शीशा पत्थर की चोट से टूट जाए पत्थर, ऐसा शीशा तलाश करो। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों खूब मेहनत करें। आप अपनी मेहनत से कुछ भी हासिल कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने कहा कि आप कड़ी मेहनत करें, अनुशासन और ईमानदारी से काम करें तो सफलता अवश्य मिलेगी। चाहे आप जिस क्षेत्र में हों। अनुमंडल पदाधिकारी, अरविंद कुमार लाल ने कहा कि यह आयोजन झारखंड में हो रहा है। एशिया के विभिन्न देशों के खिलाड़ियों का रांची आना प्रारंभ हो गया है। आज हम लोग लोहरदगा में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप की ट्रॉफी प्रदर्शित की गई है जो काफी गौरवान्वित करने वाला क्षण है। हमारे झारखंड की बेटियों ने हॉकी के क्षेत्र में काफी बेहतर किया है। कार्यक्रम के आयोजन में जिला खेल कार्यालय का अहम योगदान रहा। मौके पर नीरू शांति भगत, खेल कार्यालय के लखन राम, जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष महादेव भगत, सचिव अजीत भगत, क्रिकेट कोच अमित कुमार, एकेडमी एथलीट कोच विनय उरांव, अनुप, पप्पू, सत्नरायण महली, आशु, सहित संबंधित क्षेत्र के खिलाड़ी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## मनिका के बगडेगवा में पुल निर्माण में भारी अनियमितता का ग्रामीणों ने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका(लातेहार)।** मनिका प्रखंड के ग्राम मनिका से सेवन पथ पर बगडेगवा टोला के मैला नदी पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना मद के तहत पुल का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें संवेदक के द्वारा भारी लापरवाही बरतने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि लगभग अढ़ाई करोड़ के लागत से यहां पर पुल का निर्माण किया जा रहा है इस पुल के निर्माण के लिए कई वर्षों से हम लोग मांग कर रहे थे जिसके बाद यहां पुल का निर्माण किया जा रहा है लेकिन पुल के निर्माण कार्य में संवेदक के द्वारा काफी घटिया मटेरियल का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि कहीं भी पुल के निर्माण में 8 एमएम और 10 एमएम का छड़ हम लोगों ने लगाते नहीं देखा है लेकिन यहां पर लगाया जा रहा है। लोगों ने कहा कि बालू में भी काफी मात्रा में मिट्टी मिक्स है अगर ऐसे पुल का निर्माण होता है तो यह पुल जल्द ही जर्जर हो जायेगा और हम सभी को फिर से वही स्थिति से गुजरना पड़ेगा। मौके पर कार्य स्थल पर मौजूद मुंशी वासुदेव यादव ने बताया कि वर्तमान में जो बालू गिरा हुआ है उसमें मिट्टी मिक्स है लेकिन ग्रामीणों के विरोध करने पर हम लोग इस बालू का उपयोग नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम लोगों को जो भी जेई के द्वारा निर्देश प्राप्त होते हैं हम लोग वही करते हैं इससे अधिक जानकारी जेई हीं दे पाएंगे। मौके पर धनंजय यादव, बसंत यादव, बीरेंद्र, लालबिहारी, बरजेश, अनिल, सरवन, अरुण, महेंद्र, मुखलाल यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मां की कृपा पूरे क्षेत्र में बनी रहे : प्रतुल शाहदेव

भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव सपरिवार पहुंचे अपने पैतृक गांव रोल, महाअष्टमी पर मां की पूजा अर्चना की

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव आज सपरिवार चंदवा स्थित अपने पैतृक गांव रोल पहुंचे और महुआ मिलन रेलवे स्टेशन के पास स्थित दुर्गा मंडल रोल के पूजा पंडाल में जाकर महाअष्टमी की पूजा अर्चना की। प्रतुल इस पूजा समिति के संस्थापक अध्यक्ष भी हैं।बाद में प्रतुल ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां की कृपा से पूरे क्षेत्र में शांति है और सुख समृद्धि के द्वार खुल रहे हैं। दुर्गा मंडल रोल के इस पूजा में अगल-बगल के दो दर्जन से ज्यादा गांव के ग्रामीण इसमें हिस्सा लेते हैं। कभी भीषण उग्रवाद के दौर झेलने वाला ये आज वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजे गुंजायमान है। इस अवसर पर रमेश गुप्ता, अजीत नाथ शाह देव, आशीष कुमार सिंह, डब्लू प्रजापति, दीपक निषाद, शिव मुंडा, रमेश साव, हरिवंश प्रजापति, कोलेश्वर यादव, रोहित सहदेव, सत्यपाल सिंह, अनिल प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, रामवृक्ष भगत, उपस्थित थे। पुरोहित श्याम नारायण मिश्र यजमान रामलखन प्रजापति युवा मंच अभ्यास शाहदेव, सुनील मुंडा, अजीत मुंडा, मनोज यादव, दिलीप साव, शशि शेखर सिंह ग्राम पाहनः धन्नू घटवार, राजेश मुंडा, अर्जुन मुंडा, कामेश्वर मुंडा।

इसके बाद प्रतुल ने रक्सी सहित चंदवा के शहरी और ग्रामीण इलाकों के दर्जनों पंडालों में जाकर मां का दर्शन किया।

## पूजा और दीपदान कार्यक्रम के साथ-साथ बलिदान और महा आरती का हुआ आयोजन



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** रविवार को नवरात्रि के अष्टमी के मौके पर प्रखंड के सभी पूजा पंडाल में निर्धारित समय पर संधि पूजा और दीपदान कार्यक्रम के साथ-साथ बलिदान और महा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य संधी पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां अष्टमी के निर्धारित समय 4:54 पर पूजा प्रारंभ की गयी। इसके बाद 5:08 पर दीपदान कार्यक्रम आयोजित हुआ।जिसमें पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए 5:42 पर बंगाली परंपरा के साथ बलिदान प्रथा को पूरा करने का काम किया गया।जहां बंगाल से पुजारी त्रिलोचन राय और गिरधारी मिश्रा के साथ-साथ मुख्य जजमान सतीश कुमार और अनन्या कुमारी के द्वारा पूजा की सभी रस्मों को पूरा किया गया। इसके बाद संधि पूजा, दीपदान और बलिदान के बाद नवरात्रि की अष्टमी के संपन्न होते ही नवरात्रि के नवमी का दिवस प्रारंभ हो गया। वहीं दूसरी ओर अनुमंडलीय पदाधिकारी मोहम्मद परवेज के साथ-साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह समेत अन्य प्रखंड प्रशासन और जिला प्रशासन की टीम ने प्रखंड क्षेत्र के रेलवे क्लब, बाजार, गढ़वाटॉड कुटमु, अमडीहा, कल्याणपुर, समेत अन्य पूजा पंडाल का निरीक्षण करते हुए विधि व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही साथ प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा पूजा समितियां को कई दिशा निर्देश देने का भी काम किया गया।

## मानव तस्कर के फरार आरोपी के घर सेन्हा पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)।** मानव तस्कर के फरार आरोपी पर व्यवहार न्यायालय लोहरदगा द्वारा जारी इश्तिहार के आलोक में सेन्हा पुलिस द्वारा भीठा गाँव स्थित आरोपी के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया. लोहरदगा जिला अंतर्गत भंडरा थाना क्षेत्र के भीठागाँव निवासी स्व.सूचित बरई उर्फ सूचित चौरसिया के पुत्र धनंजय बरई उर्फ धनंजय चौरसिया के घर इश्तिहार चिपका कर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा चेतावनी दिया गया. इस संदर्भ में ए एस आई अल्बिना लकड़ा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की सेन्हा थाना कांड संख्या 50/22 धारा यू/एस 370,313,417,120इ, के अप्राथमिक अभियुक्त धनंजय बरई उर्फ धनंजय चौरसिया लम्बे समय से फरार चल रहा है। जिसके विरुद्ध व्यवहार न्यायालय लोहरदगा में मामला लंबित है। साथ ही जिसके विरुद्ध भंडरा थाना क्षेत्र के भीठा गाँव निवासी स्व. सूचित बरई के पुत्र धनंजय बरई के घर इश्तेहार तामीला के लिए शस्त्र बल के साथ पहुंचे तो आरोपी को फरारा पाया गया। जिसके उपरांत घर के दीवार पर इश्तेहार चिपका कर आत्मसमपर्ण करने के लिये चेतावनी दिया गया.विदित हो कि आरोपी के नाम इश्तिहार न्यायालय से प्राप्त होते ही ए एस अल्बिना लकड़ा द्वारा दलबल के साथ आरोपी के घर पहुंच इश्तेहार चिपकाया गया।

## अमानत नदी पर नये पुल निर्माण को लेकर भूमि पूजन



**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुदुरवर्ती क्षेत्र बालुभांग ग्राम स्थित अमानत नदी पर नये पुल निर्माण करने को लेकर रविवार को भूमि पूजन किया गया।भूमि पूजन पंडित अविनाश पांडेय ने वैदिक मंत्रों चार के साथ कराया। मौके पर स्थानीय मुखिया केदार गंझु, ने बताया की ग्रामीणों द्वारा लगतार जिप सदस्य रमेश राम, स्थानीय विधायक बैजनाथ राम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता और जिला प्रशासन से पुल निर्माण को लेकर मांग किया जा रहा था। सरकार ने ग्रामीणों की मांग सुन कर पुल निर्माण की मंजुरी दी। जिसे कश्यप कंट्रकशन के द्वारा कार्य कराया जाना है। जिसे आज वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन किया गया। पुल का निर्माण होने से ग्रामीणों को होने वाली परेशानी से मुक्ति मिलेगी। मौके पर गोपाल साव, लक्की सिंह, महेंद्र सिंह, बंगाली साव, पींटु केसरी, मनोज केसरी रंजित केसरी सहित कई लोग मौजूद रहे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 23 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



# कोडरमाः पट खुले, मां दुर्गे के दर्शन को आतुर हुए भक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। जिले भर में दुर्गा महोत्सव का उत्साह चरम पर है। विभिन्न जगहों पर भव्य एवं आकर्षक पूजा पंडाल बनाये गये हैं। इन पंडालों में पट खुलने के बाद महाअष्टमी को मां दुर्गे के दर्शन को आतुर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। विभिन्न पूजा पंडालों में लोग मां दुर्गे के दर्शन कर निहाल हुए। मुख्य शहर झुमरीतिलैया के महाराणा प्रताप चौक पर बद्रीनाथ मंदिर का पंडाल बनाया गया है, वहीं शहर के अड्डीबांग्ला में अक्षरधाम का रूप दिया गया है। बिशुनपुर रोड में भी आकर्षक पंडाल बनाया गया है। वहीं कला मंदिर में केरल के एक मंदिर का स्वरूप दिया गया है। गौरी शंकर मुहल्ला, तारा टांड, करमा, मडुआटांड और चाराडीह में भी आकर्षक पंडाल बनाया गया है। शहर के ताराटांड़ में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष नेपाल में स्थित विश्व प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर के प्रारूप में दुर्गा पूजा का पंडाल बनाया गया है। इधर चंदवारा बाजार में और प्रखंड के भोंडो में भी पंडाल लोगों को आकर्षित कर रहा है। जिला मुख्यालय कोडरमा में बाजार पर, हरि सभा और वन परिसर में मां दुर्गे की आराधना को लेकर लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। वहीं जिले के डोमचांच, मरकच्चो, सतगावां और जयनगर में भी स्थापित मां दुर्गे की प्रतिमा और आकर्षक पंडाल लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

## सौ साल से अधिक पुराना है इतिहास

कोडरमा जिला मुख्यालय स्थित हरिसभा में वर्ष 1902 से ही मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जा रही है। वहीं सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति कोडरमा बाजार में ब्रिटिश शासन काल के दौरान वर्ष 1915 से यहां दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। झुमरीतिलैया सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति तिलैया बस्ती का इतिहास भी लंबे समय का रहा है। यहां आज भी राजशाही परंपरा का निर्वाह कर पूजा की जा रही है। तिलैया बस्ती में 178 साल पहले राज परिवार ने पूजा की शुरूआत की थी। यहां छोटे राजा के पद पर रहे द्वारिका नारायण शाही के पुत्र काली प्रसाद शाही ने बताया कि वर्ष 1845 में उनके परदादा नेहाल शाही ने तिलैया बस्ती में दुर्गा पूजा की शुरूआत की थी। इसके बाद उनके दादा अमृत नारायण शाही और उनके पिता ने दुर्गा पूजा का आयोजन किया। झुमरीतिलैया के ताराटांड़ में वर्ष 1979 से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है।





## दुर्गा अष्टमी पर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



चंदवारा (आजाद सिपाही)। दुर्गा अष्टमी के अवसर पर चंदवारा प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष सह बरही विधानसभा के भावी विधायक अरूण साहू पूजा पंडाल और मंदिरों का भ्रमण किया। इस दौरान अरुण साहू ने कहा कि चंदवारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों प्रत्येक वर्ष दुर्गा अष्टमी के दिन अनुष्ठान, पूजा और महाप्रसाद का आयोजन किया जाता है जिसमें स्थानीय ब्राह्मण पंडितों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हमें मां दुर्गा से आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की सुख समृद्धि और शांति हेतु प्रार्थना करना चाहिए और एक दूसरे के साथ मिलकर रहना चाहिए। मौके पर टीएसएस के चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष सह चंदवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुशवाहा, रामेश्वर दास, बिनोद साव, तारकेश्वर साव, मीडिया प्रभारी बबलू साहू, सुनील पासवान, प्रमोद मोदी, बंटी मोदी, संदीप कुमार, विजय मोदी, सुरेश चंद्रवंशी, छोटेलाल मोदी, राधेश्याम साव, गौतम मोदी, सतेंद्र मोदी, अशोक साव, बिनोद मोदी, विनय मोदी, मुन्ना, सहदेव, संतोष, विकाश, बद्री दास सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## पूजा पंडालों में खुला माता का दरबार, महाष्टमी पर उमड़े श्रद्धालु




सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड में नवरात्र की सप्तमी को समलडीह स्थित पूजा पंडाल में शनिवार की रात्रि को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का पट खोल दिया गया है। वहीँ नंदुडीह में रविवार की रात्रि में अधिष्ठात्री मां दुर्गा की प्रतिमाओं का पट खुला। समलडीह में मां आदिशक्ति का पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीँ रविवार सुबह मां दुर्गा की श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करते हुए खोइच्छा भरने के लिए भीड़ को देखते हुए कई जगह प्रशासन के द्वारा भीड़ को नियंत्रित कराने का प्रयास किया गया। यूं तो शनिवार को 10 बजे रात्रि वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा अर्चना के साथ प्रतिमाओं का पट खोला गया। पट खुलते ही महाष्टमी को पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान जय माता दी व जय दुर्गे का जयघोष से प्रखंड के चप्पा-चप्पा गूंज उठा श्रद्धालु भक्ति के रंग में सराबोर हो गए। पूजा अर्चना व खोइच्छा भरने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। बीडीओ सह दंडाधिकारी बैधनाथ उरांव, डूमरी में शेख शकील अहमद, शिवपुर में अमीत कुमार एवं थाना प्रभारी आनंद कुमार साह भीड़ को नियंत्रित करते दिखे। मेलों को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद है।

## डीसी एसपी पूजा पंडालो का निरीक्षण किया



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय एवं आरक्षी अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने विष्णुगढ़ दुर्गा पूजा पंडालो का निरीक्षण किया। विष्णुगढ़ स्थित पंडालो में अग्निशमन एवं सीसीटीवी कैमरे की जानकारी ली गई। उपायुक्त महोदया बनासो महामाया मां बागेश्वरी मंदिर का भी निरीक्षण किया,साथ ही माँ बागेश्वरी के समक्ष शीश नवाकर विष्णुगढ़ की समृद्धि की कामना की।उपायुक्त नैंसी सहाय ने विष्णुगढ़ पुलिस प्रशासन को निर्देशित करते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने को कहा। आगे की जानकारी देते हुए विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने कहा कि विष्णुगढ़ के सभी पंडालो में सीसीटीवी की जानकारी को पंडाल के आगे बैनर लगाकर लोगो को निर्देशित करें।विष्णुगढ़ पुलिस प्रशासन से सम्बंधित अधिकारियों के पद एवं मोबाइल नंबर के साथ एक बैनर पंडाल के अग्र भाग पर लगा होना अनिवार्य है। डीजे पर पूर्ण रूप से पाबंदी जारी रहेगी। अग्निशमन की पुख्ता इंतजाम किए जाय जिसे आपातकालीन स्थिति में तत्काल निपटा जा सके। दुर्गा पूजा के कमिटी के लोगो के पास विशेष बैच के साथ पूजा पंडालो की निगरानी करें,किसी भी प्रकार असुविधा होने पर पुलिस को सूचित करें ।

# नेतरहाट घाटी में गिरी क्रेटा कार, एक की मौत





आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** गुरदरी थाना क्षेत्र के नेतरहाट घाटी स्थित मिलिट्री मोड़ के समीप रांची से नेतरहाट घूमने जा रहे एक पर्यटक वाहन हुंडई क्रेटा कार अनियंत्रित होकर 300 फीट गहरी खाई में गिर गई। सवार मोहम्मद शहबाज रिजवी उर्फ कैफ 20 वर्ष रांची बरियातू निवासी की मौके पर ही मौत हो गई। चालक शदाब खान 35 वर्ष के माथे में गंभीर चोट लगी सवार शारीख खान का दाहिनी पैर टूट गया। जबकि अन्य फरदीन खान 18 वर्ष सइयद सवेब 19 वर्ष को हल्की चोट लगी है। सइयद ने बताया कि हम लोग रांची बरियातू के रहने वाले हैं शनिवार शाम हम लोग अपने क्रेटा कार में नेतरहाट घूमने जा रहे थे इसी क्रम में नेतरहाट घाटी में तीखा मोड होने के कारण चालक गाड़ी से अपना संतुलन खो बैठा और गाड़ी खाई में जा गिरी जिससे यह घटना घटी है।

## 300 फीट खाई से निकल कर घायल सड़क पर आया, दी जानकारी

नेतरहाट घाटी में गाड़ी खाई में गिरने के बाद सैयद एवं शदाब बड़ी मुश्किल से 300 फीट गहरी खाई से बाहर सड़क तक निकले और राहगीरों को घटना की जानकारी दी। जिसके उपरांत राहगीरों द्वारा घटना से गुरदरी पुलिस को अवगत कराया गया अभिलंब पुलिस मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया रात लगभग 2:00 बजे तक ऑपरेशन चला और मृतक एवं घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया।

## 108 एंबुलेंस के कॉल सेंटर में बजती रही घंटी

## नहीं मिला रिस्पांस

बिशुनपुर। तत्काल चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे 108 एंबुलेंस सेवा बिशुनपुर प्रखंड में दम तोड़ती नजर आ रही है। समय पर घायलों को नहीं मिल रहा है एंबुलेंस सेवा, निजी वाहनों में अस्पताल पहुंचने को विवश होना पड़ रहा है। गाड़ी खाई में गिरने के उपरांत राहगीर, प्रशासन, मीडिया बंधु, के द्वारा 108 एंबुलेंस को कई बार कॉल किया गया परंतु सेंटर से कोई भी रिस्पांस नहीं मिल सका और यह नई बात नहीं है कई बार केंद्र में कॉल करने से प्रतिनिधियों के द्वारा एम्बुलेंस व्यस्त है या, कोई एंबुलेंस खाली नहीं है, या एंबुलेंस कब तक मिल सकेगा यह भी नहीं बता पाते हैं। इधर चिकित्सा पदाधिकारी अंकुर उरांव एवं विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत के द्वारा घटनास्थल पर निजी वाहन भेजा गया जिसमें घायलों को लाया गया। लोगों का कहना है कि 108 सेवा बिशुनपुर प्रखंड में निश्चित रूप दम तोड़ रही है। इधर रविवार सुबह पुलिस ने मृतक का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेजा है।

## सीआरपीएफ 158 बटालियन एवं पुलिस ने चलाया 4 घंटा रेस्क्यू ऑपरेशन

घाटी में 300 फीट गहरी खाई में कार गिरने की सूचना जैसे ही, बी सीआरपीएफ 158 बटालियन बनारी पिकेट के पुलिस उपाधीक्षक सुधीर कुमार एवं संबंधित थाना के थानेदार सदानंद सिंह को मिली। बिना देर किए अपने टीमों के साथ अधिकारी घटनास्थल पहुंचे और लगभग 10:30 बजे रात से 2:00 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन चला कर मृतक सहित घायलों को बाहर निकाला और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर भेजा। मौके पर पीड़ितों के परिजनों ने कहा कि पुलिस बड़ी मस्कत से घायलों को बाहर निकाला है नेतरहाट घाटी के लिए पुलिस का यह रूप किसी गॉड से काम नहीं था। आम आदमी को नीचे खाई में उतरना मुश्किल था जहां से पुलिस ने बड़ी ही सतर्कता एवं तत्परता के साथ सभी घायलों को बाहर निकाला। रेस्क्यू ऑपरेशन में सीआरपीएफ के जवान सुधीर कुमार योगेन्द्र सिंह सुमित लकड़ा राज कुमार मार्सकुले मोहम्मद नसीम अली सुशील सिंह रमणेश कुमार गुरूदारी थाना के चालक शंकर कुमार की भूमिका अहम रही।

## डीजल चोरी करने के आरोप में केस दर्ज

**सिसई (आजाद सिपाही)।** मेन रोड निवासी सनंत केशरी ने अपने ट्रक से डीजल चोरी करने के आरोप में प्रखंड कार्यालय के पीछे रहने वाले विनोद राम के पुत्र गौतम राम के विरुद्ध केस दर्ज करने के लिए रविवार को थाना में आवेदन दिया है। आवेदन के अनुसार आरोपी को डीजल चोरी करते हुए सीसीटीवी फुटेज में साफ साफ देखा जा सकता है। दुबारा चोरी करते समय रात्रि प्रहरी गोरखा के द्वारा देखे जाने पर वह मौके पर एक गैलेन,एक बाल्टी, एक पाइप और अपनी चप्पल छोड़कर फरार हो गया। पीड़ित के अनुसार वह अपने दुकान के समीप अपना ट्रक जेएच 01 सी वाई 2601 को प्रति दिन खड़ा करता है। पिछले कुछ दिनों से लगातार उसके वाहन से डीजल की चोरी हो जाती थी। शनिवार की शाम को वह सीसीटीवी के रेंज में लगाकर अपने वाहन को खड़ा किया था।

रात को गोरखा की आवाज सुनकर निकला तब तक चोर सामान छोड़कर भागने लगा। सीसीटीवी फुटेज देखने पर चोर की पहचान हो सकी है।

## सिसई में रावण दहन की तैयारी





**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में रावण दहन का इतिहास 43 वर्ष पुराना है। खेल खेल में भदौली गांव निवासी अजय सिंह अपने आस पड़ोस के नवयुवकों से मिलकर 1981 में स्वनिर्मित रावण का पुतला बना कर दहन किया था। जिससे प्रेरित होकर वर्ष 1982 में तत्कालीन राजस्व कर्मचारी सीताराम राव,अजय सिंह के बड़े भाई निरंजन सिंह, साहू प्रकाश लाल,कैलाश पेंटर,दिलीप गुप्ता, कृष्णा केशरी, दुर्गा साहु व नन्द किशोर सिंह के नेतृत्व में 22 फीट का पुतला बनाकर प्रखंड परिसर में पुरे जिले में सर्वप्रथम सिसई में प्रखंड में रावण दहन की शुरूआत की गई। आगे चलकर जागृति युवा क्लब रावण दहन समिति भदौली कुदरा सिसई का गठन कर प्रत्येक वर्ष विजयदशमी के दिन रावण दहन किया जा रहा है। रावण दहन व मनमोहक आतिशबाजी प्रखंड- जिला के साथ आसपास के जिलों के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है। कोरोना काल को छोड़कर, वर्ष 2014 से बिहार गया के कारीगरों द्वारा रावण का पुतला बनाया जाता हैं। महज दो से तीन सौ में शुरू हुए रावण दहन का बजट वर्तमान में दो लाख पहुंच चुकी है। बढ़ती भीड़ व जगह की कमी के कारण कार्यक्रम स्थल को प्रखंड परिसर से बदल कर 1985 में मंडा टांड स्थित बैजनाथ जालान के जमीन में ले जाया गया, रैयत के उक्त जमीन का निजी उपयोग करने के कारण 1996 से लगातार ब्लॉक मैदान में रावण दहन किया जाता है।

## आश्रम में रह रहे लोगों का आदरपूर्वक व्यवहार काफी प्रभावित किया: एस्टर



### भारत की अलग-अलग सभ्यता में समानता व भीन्नता पर लिखेगी किताब

गौतम पाल

**कोडरमा।** भारतीय सभ्यता सीखने के उद्देश्य से भारत पहुंची ऑस्ट्रेलिया मूल की निवासी महिला एस्टर रविवार की देर शाम वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रह रहे हैं लोगों के साथ बैठकर उनकी भावनाओं को आपस में साझा की।इस दौरान उन्होंने वृद्ध आश्रम की बनावट व रहन-सहन की काफी प्रशंसा की। व्यवस्था के लिए प्रेरणा शाखा की सहयोग की भुरी भुरी प्रशंसा करते हुए झारखंड की सोहराय कला देखकर काफी प्रभावित हुई और कसीदाकारो कि भी तारीफ की।बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एस्टर ने कहा कि उन्होने अब तक भारत के 24 शहरो का भ्रमण कर चुकी है। झारखंड में कोडरमा उनका अंतिम पड़ाव था। उन्होंने कहा कि वापस लौट के बाद भारत की अलग-अलग सभ्यता में समानता व भिन्नता पर अपनी किताब लिखेगी। एस्टर बताती है कि उन्हें राइडिंग का काफी शौक है। एक सवाल के जवाब में एस्टर ने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहां की भविष्य में अगर फिर कभी उन्हें भारत आने का मौका मिला तो वह निश्चित रूप से झारखंड के कोडरमा की वृद्ध आश्रम को जरूर देखने आएंगे। वृद्ध आश्रम में रह रहे लोगों का आदर पूर्वक व्यवहार उन्हें काफी प्रभावित किया।

# ड्रोन प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग को लेकर राष्ट्रीय कार्यशाला 3 नवंबर से

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** कृषि के क्षेत्र में ड्रोन प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग को लेकर आगामी 3 नवंबर से 5 नवंबर तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन तरबा-खरबा स्थित आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में विश्वविद्यालय के कृषि विभाग एवं टेक्नोग्राउंड प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया जाएगा। इसे लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार, सह प्राध्यापिका फरहीन सिद्दीकी व प्रिया कुमारी ने संयुक्त रूप से विवरणिका जारी की। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि कृषि कार्यों में आधुनिक तकनीकों के जरिए उन्नत खेती की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना इस कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इस विवरणिका में कार्यशाला को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई है। इसे विभिन्न शिक्षण संस्थानों, विभिन्न गांव के किसानों व अन्य लोगों तक पहुंचाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यशाला का लाभ मिल सके। डॉ गोविंद ने बताया कि कृषि में ड्रोन के उपयोग से कृषि कार्य तो आसान हो ही जाता है, साथ ही सॉफ्टवेयर की मदद से दूर रहकर भी अन्य आधुनिक उपकरणों के सहारे उन्नत खेती पर ध्यान भी दिया जा सकता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, इस लिहाज से ऐसे कार्यशाला की अहमियत और अधिक बढ़ जाती है। कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि कम लागत में उन्नत कृषि कार्य ना सिर्फ आज की जरूरत है बल्कि समय की मांग भी है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में किसान, वैज्ञानिक, विद्यार्थी कोई भी आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कार्यालय में आकर ऑफलाइन निः शुल्क पंजीकरण कराकर इस कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

## अधिकारियों ने किया पंडालों का किया निरीक्षण



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। रविवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ संदीप कुमार मीणा ने मरकच्चो दुर्गा मंदिर, नावाडीह1 दुर्गा मंडप समेत प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालो का निरीक्षण किया तथा कई आवश्यक निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों व दुर्गा मंडपों में पुलिस गश्ती वाहन घूम घूम कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर चाक चौबंद है। बीडीओ सह सीओ पप्पु रज्जक, मरकच्चो थाना प्रभारी लव कुमार, नवलशाही थाना प्रभारी अनिल सिंह पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस जवानों के साथ क्षेत्र में लगातर गश्ती करते हुए असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रख रहे हैं। प्रशासन आम जन मानस से असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर पुलिस को सूचना देने की अपील कर रही है।

## रेलवे काउंटर की जाली को तोड़कर फेंका

मरकच्चो **(आजाद सिपाही)**। कोडरमा मधुपुर रेलवे लाईन के नावाडीह1 स्टेशन स्थित टिकट काउंटर का शीशा उपद्रवियों के द्वारा रविवार को तोड़ दिया गया तथा उसमे लगे जाली को भी तोड़ कर फेंक दिया। वही नावाडीह रेलवे स्टेशन पर टिकट काउंटर से टिकट काटने वाले पवन साव ने बताया कि शनिवार की रात 10 बजे तक हम टिकट काट कर घर गए। उस समय तक सब सही था। वही जब रविवार दोपहर स्टेशन के तरफ आए तो देखे कि टिकट काउंटर का शीशा टूटा हुआ है और उसमे लगे जाली तोड़ कर फेंका हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नावाडीह रेलवे स्टेशन पर तीन आर पी एफ के जवान की तैनाती है परंतु जवान स्टेशन पर नही रहते हैं जिससे इस तरह की घटना घटी है।

**कैमरे की नजर से पूजा पंडाल व प्रतिमा**



कला संगम मनईटांड़ में मोम के कलर से बनी देवी दुर्गा की प्रतिमा।



झारखंड मैदान में विराजी मां दुर्गा की प्रतिमा और पूजा पंडाल।



झारखंड मैदान में बने पूजा पंडाल में उमड़ी लोगों की भीड़।



### पुष्पांजलि को लेकर उमड़ी भक्तों की भीड़, शक्ति मंदिर में कन्या पूजन


# महाअष्टमी पर पंडाल और प्रतिमा दर्शन को उमड़ा लोगों का हुजूम

## जिला प्रशासन अलर्ट, डीसी और एसएसपी खुद संभाले हुए हैं मोर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** ***ॐ जयंती, मङ्गला, काली, भद्रकाली, कपालिनी।***
***दुर्गा, शिवा, क्षमा, धात्री, स्वाहा, स्वधा नमोऽस्तु ते***
***एश सचंदन गंध पुष्प बिल्व पत्राञ्जली ॐ ह्रीं दुगार्यै नमः॥***

शारदीय नवरात्र के महाअष्टमी के अवसर पर मां दुर्गा की आराधना व पुष्पांजलि अर्पित करने के दौरान उपरोक्त के मंत्रोच्चारण से पूरा कोयलांचल गूंजता रहा। जिले के सभी दुर्गा मंदिरों और पंडालों में रविवार को भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। जोड़ाफाटक स्थित शक्ति मंदिर में नवरात्र के दौरान भक्तों की विशेष भीड़ होती है। महाष्टमी को मां अंबे का दर्शन पाने के लिए रात दो बजे से ही भक्तों की लंबी कतार लग गयी थी जो जोड़ाफाटक तक थी। भीड़ को देखते हुए मंदिर कमेटी और जिला पुलिस की ओर से विशेष तैयारी की गई थी। यहां प्रसाद के रूप में खीर का भोग वितरण किया गया। वहीं, प्रत्येक वर्ष श्रीश्री भगवती जागरण कमेटी शक्ति मंदिर की ओर से महाअष्टमी को पूरे विधि विधान से कन्या पूजन भी किया जाता है। इस वर्ष भी कन्या पूजन किया गया। इसके अलावे हीरापुर हरि मंदिर, दुर्गा मंदिर में भक्तों की भारी पुष्पांजलि के दौरान उमड़ पड़ी।



कतरास जीएनएम मैदान में बने पूजा पंडाल विराजी मां दुर्गा की प्रतिमा।

### शाम ढलने के साथ ही बढ़ने लगी भीड़

एक ओर शहर के झारखंड मैदान, स्टील गेट, तेतुलतल्ला मैदान, मनईटांड़, एशिया की सबसे बड़ी श्रमिक नगरी आदि क्षेत्रों में बने आकर्षक पंडाल श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच रहे हैं तो दूसरी ओर लुबी सर्कुलर रोड, बैंक मोड़, सरायढेला, आदि क्षेत्र में लगे आकर्षक लाइट श्रद्धालुओं का मन मोह रही हैं। भूली, कतरास, स्टील गेट, तेतुलतल्ला मैदान आदि स्थानों में लगे मेले में ब्रेक डांस, तारा माची झूला, नौका झूला, इत्यादि बच्चों को लुभा रही हैं। वहीं दूसरी ओर धनबाद के अलावे झरिया, कतरास, बाघमारा, महुदा, सिंदरी, बलियापुर, निरसा, चिरकुंडा, मैथन, गोविंदपुर, बरवाअड्डा, राजगंज, तोपचांची, गोमो आदि क्षेत्रों सहित पूरे जिले भर में दुगार्पूजा का खुमार सर चढ़ कर बोल रहा है। शाम ढ़लने के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ पंडालों और प्रतिमाओं के दर्शन के लिए उमड़ने लगी थी।

### जिला प्रशासन अलर्ट

दुर्गापूजा के दौरान किसी प्रकार की कोई घटना या व्यवधान पैदा न हो इसके लिए जिला प्रशासन ने विशेष तैयारी कर रखी है। हर पूजा पंडालों में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है। डीसी व एसएसपी खुद पूजा पंडालों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। जहां तैनात मजिस्ट्रेट के नहीं मिलने पर ऑन स्पॉट कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावे पूजा पंडालों में सीसीटीवी और अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।



मनईटांड़ के पानी टंकी क्षेत्र में बनी मां दुर्गा की प्रतिमा।



भुदा, बरमसिया में बना पूजा पंडाल।



हीरापुर दुर्गा मंदिर में पुष्पांजलि के दौरान उमड़ी भक्तों की भीड़।



शक्ति मंदिर में कन्या पूजन करते मंदिर कमेटी के लोग।

# दुर्गा अष्टमी पर उमड़ी भक्तों की भीड़, की पूजा-अर्चना

**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नावाडीह स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में रविवार को महाअष्टमी पर मां दुर्गा की आराधना के लिए बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पंडित प्रदीप पाठक ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख पूनम देवी, प्रखंड अध्यक्ष मुखिया संघ विश्वनाथ महतो, पूर्व मुखिया रणविजय सिंह, जयलाल महतो, आजसू कार्यकर्ता सोनू चोधरी, साधु महतो ने महाप्रसाद वितरण किया। दुर्गा महोत्सव में आने वालो ने मां की पूजा की व प्रसाद ग्रहण किया।



धनबाद के न्यू स्टेशन में बने पूजा पंडाल में विराजी मां दुर्गा की प्रतिमा।



पुराना राजागढ़ दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटती झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह।








पर्यावरणविद व जिला पार्षद ने दर्जनों कलश यात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं को दिया पौधा और प्रकृति कलश

# कन्याओं के पांव पूजन से होती है वैदिक व भारतीय संस्कृति की रक्षा: कौशल किशोर

**नवरात्र में सुख-शांति के लिए पूजा के साथ ही पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा के लिए करें पौधरोपण : अमित व कौशल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर पूर्वी के विभिन्न पूजा पंडालों से निकले करीब दर्जनभर कलश यात्रा में जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल और विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने 500 पौधा कलश यात्रियों के बीच वितरित किया। वहीं कलश यात्रा में शामिल कन्याओं का पांव पूजन कर जल यात्रा की शुरूआत की। श्रद्धालु भक्तों के बीच पौधा कलश प्रदान करते हुए पर्यावरणविद ने कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है इसलिए वे लोगों के बीच फलदार पौधों का निःशुल्क वितरित किया। छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि धर्म से आया हुआ धन टिकाऊ होता है और अवैध तरीके अपनाकर कमाया हुए धन से क्षणिक सुख की प्राप्ति तो होती है, लेकिन आने वाली पीढ़ी को उसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने धर्मों के साथ दूसरे धर्मों का भी सम्मान करना चाहिए। इससे सामाजिक संतुलन बना रहता है।

पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष नवरात्र में लोग घर परिवार की सुख समृद्धि व आत्मा की शांति के लिए कन्याओं को भोजन पानी कराते हैं। उसी प्रकार धरती और ब्रह्मांड की आत्मा की शांति के लिए पूरे नवरात्र के समय कन्याओं को पौधा पानी देना चाहिए है। तभी नवरात्र में कलश पूजा और दुर्गा पूजा करने की सार्थकता बनी रहेगी। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि पहले की तरह इस वर्ष भी पूरे नवरात्र में प्रकृति कलश यात्रा के तहत करीब छह जिलों में लगभग पांच हजार कन्याओं को पौधा पानी देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। कलश स्थापना के दिन से पलामू, गढ़वा, लातेहार जिले के अलावे उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश राज्य के कई विद्यालयों में जाकर न सिर्फ पौधरोपण किया बल्कि शनिवार को अपने जन्मभूमि छतरपुर के रुदवा, चीरू, सुंगरी, चराई, केरकीकुटीया, विषयपुर, करमा बाजार और सहरसवा के कलश यात्रियों को पौधा पानी उपलब्ध कराया। प्रकृति कलश यात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में चिरू पंचायत के मुखिया पति प्रमोद यादव, सचिन कुमार पांडेय, मूनकेरी के पूर्व मुखिया दशरथ प्रसाद, रंजीत जायसवाल, बसंत विश्वकर्मा, नंदू विश्वकर्मा, मुरली प्रसाद, सुभाष गुप्ता, नरेश यादव, पंकज सिंह, पंकज विश्वकर्मा, मनोज गुप्ता, जितेंद्र यादव, बलराम सिंह, रामजतन यादव, महेंद्र सिंह, संजय यादव के साथ सैकड़ों लोग शामिल थे।


कलश यााा में शामिल लोगों को पौधा देते एवं कन्याओं का पांव पूजन करते जिला पार्षद और पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल।

# पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए पर्यावरणविद कौशल सम्मानित

**57 वर्षों से पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए अबतक मिल चुके हैं 59 अवार्ड**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** शहर के शिवाय ब्लू होटल में आयोजित डांडिया नाईट का उद्घाटन निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर, छतरपुर के डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल और विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने संयुक्तरूप से किया। इस अवसर पर पर्यावरण के क्षेत्र में पिछले 57 वर्षों से देश-विदेश के कई राज्यों में उल्लेखनीय कार्य के लिए कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुई प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल एवं उनकी पत्नी सह बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव व छतरपुर ग्राम पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल को पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डांडिया सम्मेलन में पर्यावरणविद ने कहा कि आज समाज के अधिकांश लोग प्रदूषण की चपेट में हैं और अपने दैनिक कार्यों के निष्पादन में काफी परेशान व तनाव में है। वैसी स्थिति में कला संस्कृति सम्मेलन तनावों व तन और मन का प्रदूषण को दूर करने में कारगर साबित होता है। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में ऐसे आयोजन की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में विभिन क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शहर के कई हस्तियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# ऐतिहासिक होगा रावण दहन : झूलन राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** 28 वर्षों से चल रहे रावण वध कार्यक्रम के अध्यक्ष झूलन राम ने बताया कि इस वर्ष भी श्री चंद्रशेखर आजाद क्लब की ओर से रावण वध का आयोजन 26 अक्टूबर की शाम 6.30 बजे शिवाजी मैदान में किया गया है। जिसकी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर शामिल होंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, भाजपा प्रदेश मंत्री मनोज सिंह, विवेक भवानी, प्रथम उपमहापौर मंगल सिंह एवं वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में चेंबर के सभी पदाधिकारी और प्रथम पार्षदगण उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर अनुरोध किया गया कि समय पर आकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष सोमनाथ प्रसाद, दीपक वर्मा, लड्डू पासवान, शंभू पासवान, विकास मालाकार, रंजन सोनी एवं साथी लगे हुए हैं। कार्यक्रम से शहर के चर्चित भजन गायक राम और श्याम के भजन का भी आयोजन किया गया है।

## नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म कर वीडियो किया वायरल, आरोपी फरार

**चरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के बाद उसका वीडियो वायरल कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक नाबालिग आरोपित की रिश्ते मे चचेरी साली लगती है, जो 16 अक्टूबर की दोपहर शौच के लिए गई थी। वहीं लोधी पंचायत के कोडवा निवासी कमरुद्दीन अंसारी (28) ने उसका मुह दबाकर एकांत में ले गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। यह नहीं, उसने अपने मोबाइल फोन से घटना का वीडियो भी बना लिया। आरोपित जीजा ने साली को धमकी भी दी कि यदि उसने घटना की जानकारी किसी को दी तो वह वीडियो को वायरल कर देगा। पता चला है कि आरोपित कमरुद्दीन दो बच्चे का पिता भी है। इस बीच उसने वीडयो वारयल भी कर दी। वीडियो वायरल होने के बाद शुक्रवार को पीड़िता के स्वजनों ने चतरोचट्टी थाना पहुंचकर केस दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराने के साथ ही बयान भी दर्ज कर लिया है। चतरोचट्टी थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि मामले को शुक्रवार को चतरो चट्टी थाना कांड संख्या 27/2023 धारा 376/506 व्ढउ 4/6 पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपित कमरुद्दीन अंसारी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संदिग्ध ठिकानों में छापामारी कर रही है।

# नोएडा में हुई सड़क दुर्घटना में मारे गये लोगों का शव हुसैनाबाद पहुंचा, मातम

**विधायक, पूर्व विधायक और जिप उपाध्यक्ष समेत कई प्रबुद्ध लोगों ने परिजनों से मिलकर बंधाया ढाढ़स**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** नोएडा में हुए सड़क दुर्घटना में मारे गए हुसैनाबाद प्रखंड के कुर्मीपुर पंचायत के कचरा गांव निवासी रामप्रीत बैठा के परिवार के चार सदस्यों उपेंद्र बैठा, उसकी पत्नी ज्योति कुमारी, भाई विजेंद्र बैठा व उसकी पत्नी कांति देवी का शव रविवार की देर शाम गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चारों ओर रोने-चीखने की आवाज आने लगी। परिजनों की मानें तो आर्थिक तंगी के कारण दिल्ली में पिछले 20 वर्षों से रहकर उपेंद्र और विजेंद्र काम करते थे। शनिवार को अपने बहनोई के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए कार से पत्नियों को लेकर घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में ही अज्ञात वाहन टक्कर मार दी, जिससे चारों की मौत हो गई। पोस्टमार्टम और कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद एम्बुलेंस से शव को रविवार को घर लाया गया। परिजनों की चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। घर के कमाउ पुत्र अब उनके बीच नहीं रहे। उधर, घटना की खबर सुनकर पंचायत के कई लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। अंतिम संस्कार गांव के शमशान घाट पर किया गया। शव यात्रा में काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वहीं, विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, शिवपूजन मेहता, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी, राजद नेता राज अली आदि ने मृतक व घायलों के परिजनों से मिलकर गहरा दुख व्यक्त किया। परिजनों को ढांढ़स बंधाया और घायल बच्चों के लिए शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। साथ ही विधायक ने परिजनों को आर्थिक मदद भी की।

# महाअष्टमी को हुसैनाबाद के मंदिरों और पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़


युवा बाल संघ की ओर से बनाये गये पूजा पंडाल व प्रतिमा दर्शन को पहुंचे लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** महाअष्टमी को सुबह से ही हुसैनाबाद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महाबीर जी भवन, स्टेशन रोड, दुर्गा बाड़ी, चार धाम, पटेल नगर, जपला चौबे समेत कई स्थानों पर पूजा कमेटी द्वारा भव्य पंडाल बनाए गए हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र पथरा, चनकार कस्तूरी, अलीनगर, झरहा, कुड़वा कला, दंगवार, देवरी, झरगड़ा, ऊपरी, लंगरकोट, महुदण्ड आदि स्थानों पर पूजा पंडालों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। इस दौरान हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, विनोद कुमार सिंह, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू, कर्नल संजय सिंह, कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी, राजद के युवा नेता रवि यादव, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, समाजसेवी पवन चौधरी आदि ने पूजा पंडालों का भ्रमण कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। वहीं, दुर्गापूजा पंडालों के आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इस बीच स्टेशन रोड युवा बाल संघ के अध्यक्ष रामलाल साव, सचिव रवि यादव, संरक्षक राजेश्वर सिंह, महाबीर भवन पूजा समिति के अध्यक्ष मिंटू अग्रवाल, सचिव संतोष गुप्ता, चाार धाम पूजा कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार, सचिव संजीत कुमार, दुर्गा बाड़ी समिति के अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव पंकज विश्वकर्मा, पटेल नगर पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार राज आदि पूजा कमेटियों के सदस्य सक्रिय रहे।

# विश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र के कई पूजा पंडाल बने आकर्षण के केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र में कई पूजा पंडाल काफी आकर्षक बने हुए हैं। जिसे देखने के लिय दूर-दूर से लोग पंडाल तक खींचे आ रहे हैं। नगर परिषद का सबसे आकर्षक पंडाल डंडीला खुर्द नवयुवक संघ का है। इसके अलावा विश्रामपुर गढ़मुहल्ला का सार्वजनिक दुर्गा मंडप, सोरडीहा के आदर्श कला केंद्र और बाजार मुहल्ला जोड़ा मंदिर नव युवक संघ का भी पूजा पंडाल काफी आकर्षक बना हुआ है। महाअष्टमी को पंडाल और प्रतिमा के दर्शन के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं, पुलिस भी मुस्तैद दिखी।





## स्पोर्ट्स



रांची में 27 अक्टूबर से शुरु हो रहे वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप में शामिल होने के लिए जापान की टीम रविवार को रांची पहुंच गयी। वहीं मेजबार भारत की टीम भी रात में पहुंच चुकी है। जबकि चीन, कोरिया, थाइलैंड और मलेशिया की टीम जल्द पहुंचेगी

वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप : चीन, मलेशिया, कोरिया और थाइलैंड की टीम जल्द पहुंचेगी

# रांची पहुंची जापान की टीम, ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन 27 अक्टूबर से रांची में होने जा रहा है। इसको लेकर रविवार को जापान की टीम रांची पहुंची। एयरपोर्ट पर ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। आयोजकों ने खिलाड़ियों को पारंपरिक गमछा और बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप पर जापान की खिलाड़ियां भी थिरकती नजर आयीं। इसके बाद खिलाड़ियों को चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के साथ एयरपोर्ट से होटल चाणक्या बीएनआर पहुंचाया गया।

### रांची एयरपोर्ट पर जापानी टीम का जोरदार स्वागत

जापान की टीम के स्वागत के लिए रांची एयरपोर्ट पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, रजनीश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं प्रशासन की ओर से सिटी एसपी राज कुमार मेहता, हटिया डीएसपी राजा मित्रा, डोरंडा थाना प्रङ्गारी लक्ष्मीकांत, एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद सहित कई जवान मौजूद रहे। दूसरी ओर, मेजबान भारत की टीम भी रविवार रात में रांची पहुंच गयी। वहीं कोरिया की टीम 23 अक्टूबर, मलेशिया की टीम 24 अक्टूबर, चीन और थाइलैंड की टीम 25 अक्टूबर को रांची पहुंचेगी। भारत और कोरिया की टीम होटल पार्क प्राइम, जापान, थाइलैंड की टीम चाणक्या बीएनआर और मलेशिया तथा चाइना की टीम रेडिसन ब्लू होटल में रुकेंगी।

# डब्ल्यूबीबीएल में टूटे बल्ले से ग्रेस हैरिस ने लगाया शॉट, बॉल पहुंचा बाउंड्री के पार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में ऑस्ट्रेलिया की ग्रेस हैरिस ने रविवार को पर्थ स्कॉचर्स के खिलाफ खेले मुकाबले के बीच टूटे बल्ले के साथ सिक्स लगा दिया। फास्ट बॉलर ऑलराउंडर हैरिस विमेंस बिग बैश लीग में ब्रिस्बेन हीट की प्लेयर हैं। मैच के दौरान 14वें ओवर में हैरिस ने फास्ट बॉल पर लेग साइड में शॉट लगाया। इस दौरान उनका बल्ला दो टुकड़ों में अलग हो गया और बॉल बाउंड्री के बाहर चली गई।

### मुझे पता था कि बल्ला टूटा हुआ है : हैरिस

मैच के बाद हैरिस ने कहा कि, मुझे पता था की बल्ला टूटा हुआ है, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बॉलर के रन अप के समय मैंने बल्ले में क्रैक की आवाज सुनी। मैंने सोचा कि बल्ला पूरी तरह टूटा नहीं है। इसलिए मैने शॉट खेला और आखिर में बल्ला टूट गया और बॉल छह रन के लिए भी चली गई। हैरिस हैरिस ने अपने टूटे बल्ले का नाम बर्गर के नाम पर रखा है। हैरिस ने कहा कि इस बल्ले का नाम या तो मैकक्रिस्पी या मैकस्पाइसी होने वाला है। लेकिन मैं निश्चित तौर पर यह बल्ला अपने पास रख रहा हूं। मैं इस बल्ले पर फिर हैंडल लगवा लूंगी और यह फिर दुरुस्त हो जाएगा।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 23 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



आस्था का सैलाब : सुबह में मंदिरों-पंडालों में पुष्पांजलि देने के बाद शाम होते ही प्रतिमा दर्शन को निकले लोग

# महाअष्टमी में देवी दुर्गा के दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

आजाद सिपाही टीम

**खलारी/पिपरवार।** खलारी कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्रों में रविवार को महाअष्टमी की पूजा पूरे विधि विधान के साथ हुई। महाअष्टमी की पूजा को लेकर क्षेत्र के सभी पूजा स्थलों में मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा हुई। पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। क्षेत्र के प्रसिद्ध श्रीजानकी रमण मंदिर में सुबह आठ बजे महाष्टमी पूजन, 11.30 बजे पुष्पांजलि के बाद अपराह्न 4.30 बजे संधी पूजा एवं बलिदान 05.18 बजे संपन्न हुआ। वहीं शाम में 7.30 बजे मंत्रोचारण व पारंपरिक ढोल बाजे के साथ मां दुर्गा की आरती की गयी। इसके साथ ही क्षेत्र के करकट्टा, धमधमियां, खलारी बाजारटांड़, चामा चौक, लपरा, हेसालोंग, नावाडीह सुभाषनगर, मोहननगर, चुरी, केडीएच, डकरा पीओ ऑफिस, डकरा बी-टाइप सहित अन्य जगहों पर भी महाअश्टमी की पूजा पुरे विधि विधान के साथ संपन्न हुई। क्षेत्र के मोहननगर स्थित बुढ़ी मां मंदिर और डकरा देवी मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने पुरी श्रद्धा के साथ मां का पूजन किया। शाम ढ़लने के साथ ही पूजा पंडालों और प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं, शांतिपूर्ण तरीके से पूजा संपन्न कराने और सुरक्षा की दृष्टि से खलारी पुलिस की ओर से क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।


डकरा बी-टाइप में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।


श्री जानकी रमण मंदिर में आरती में शामिल श्रद्धालु।


चुरी कॉलोनी में पूजा आयोजकों की ओर से स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।


डकरा पंडित होटल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।


मोहन नगर पूजा पंडाल में आयोजन समिति के लोग।

## पिपरवार के पूजा पंडालों में महाअष्टमनी को महागौरी की आराधना

**भक्ति के भौसागर में डूबा पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र**

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल और आस पास के इलाकों में दुगार्पूजा को लेकर पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है। कोयलांचल क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में नवरात्र के आठवें दिन महाष्टमी को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की अराधना की गयी। जानकारी के अनुसार महाष्टमी को पूजा के लिए क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में भारी भीड़ देखी गई। पिपरवार क्षेत्र के बचरा दुर्गा पूजा पंडाल, बहेरा पूजा पंडाल, बेंती पूजा पंडाल, राय कोलियरी पूजा पंडाल, राय बाजार पूजा पंडाल, चुरी पूजा पंडाल सहित अन्य जगहों के सभी पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। बचरा दुर्गा पूजा पंडाल में मां दुर्गा के दर्शन के लिए काफी भीड़ पूजा उमड़ पड़ी। वहीं, पूजा को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। पिपरवार पुलिस की ओर से पूजा पंडाल और मेला में पुलिस बलों को तैनात किया गया है। वही सीसीएल की ओर से होमगार्ड जवानों को भी तैनात किया गया है, जबकि पूजा समिति की ओर से पूरे पंडाल और मेले में सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है। पंडालों में दर्शन पूजन के लिए आ रही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूजा पंडाल समिति, सीसीएल एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा खास व्यवस्था के तहत महिला सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। चारों तरफ पूरा क्षेत्र मां दुर्गा के नारों एवं जयकारों से गूंज रहा है।



## विधायक ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बोकरोंदा पंचायत के कुरा टोंगरी से बैरटोली तक एवं टांगर केला से बुढनी तक झरखण्ड सरकार अनाबाद निधि से निर्मित होने वाली पीपीसी पथ का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इस सड़क के बन जाने से आम जनता की परेशानी दूर हुई। शिलान्यास के उपरांत विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग के पूजा पण्डाल पर माथा टेक कर आशीर्वाद लिया और आमन चौन का आशीर्वाद मांगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, जिला विधायक प्रतिनिधि नकुल सिंह, विधायक प्रतिनिधि के सुदामा महली, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, मुखिया सरोज मुंडा , मेरी बारला , मिडिया प्रभारी जन्मेजय पाठक, सत्यनारायण पाठक, सुरेश साहू, सुरेश बैठा, फिरू साहू ,पवन ठाकुर, महावीर साहू, दुर्गा नाथ पाईक चरकु भगत,दयावन्ती बारला आदि मौजूद थे।

## सड़क निर्माण कार्य में मुखिया ने किया श्रमदान



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सरकार हर गांव को सड़क से जोड़ने का दावा करती है। लेकिन नामकुम प्रखंड के हहाप पंचायत अंतर्गत चरना बेड़ा और जामुन टोली गांव के ग्रामीणों को सरकार द्वारा सड़क नसीब नहीं हुआ तो हहाप पंचायत के मुखिया नन्हे कच्छप ने रविवार को ग्रामीणों के साथ श्रमदान कर लगभग तीन किमी मिट्टी भरकर सड़क का निर्माण कर डाला। सड़क निर्माण में गांव के लगभग दर्जन भर ग्रामीण शामिल थे। वहीं, आजाद सिपाही से बात करते हुए मुखिया ने बताया कि हहाप पंचायत में गांव की सड़क की हालत बहुत ही खराब है। इसे लेकर कई बार प्रशासन से मांग भी की गयी, लेकिन किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही होने से खुद से श्रमदान कर सड़क बनाने का निर्णय लिया। कहा कि बारिश के दिनों में सड़क पूरी तरह से कीचड़मय हो जाती है। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, श्रमदान से सड़क की मरम्मत करने के बाद गांव के लोगों में हर्ष देखने को मिला।

## जिप सदस्य ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बेंती अशोक मे दुर्गा पूजा का त्योहार उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। रविवार को महाअष्टमी पर पूजा पंडाल का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव एवं विशिष्ट अतिथि बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव ने क्षेत्र के सभी लोगों को दुर्गा पूजा की बधाई दी और शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। मौके पर हरि नारायण गंझु, रोहन गंझु, प्रेम ठाकुर और बैजनाथ आदि थे।

## महाअष्टमी पर पूजा पंडालों और मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम/रातू।** खिजरी विधानसभा क्षेत्र में नवरात्रि के आठवें दिन माता महागौरी स्वरुप की पूजा धूमधाम से की गयी। पूजा पंडालों एवं मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। श्रद्धालुओं ने मां को प्रसाद चढ़ाया और आरती में भाग लिया। पूजा पंडालों एवं मंदिरों में पुरोहितों की ओर से महागौरी की पूजा करायी गयी। शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। नामकुम स्टेशन के समीप दो जगहों पर भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है। दोनों ही पूजा पंडालों में वर्तमान समय को देखते हुए भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। जो कि श्रद्धालुओं के लिये आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। दूसरी ओर, शारदीय नवरात्र की अष्टमी को रातू क्षेत्र के पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। ऐतिहासिक रातू किला में रविवार की शाम 5.27 बजे संधि बलि प्रदान की गई इसके उपरांत उपवास में रही महिलाएं मां दुर्गा की पूजा की। सोमवार को नवमी को रातू किला में 12 बजे शाक्त बलि दी जाएगी। इस दौरान किला मैदान में मेले का आयोजन किया जायेगा। जहां लोग मिठाई, खिलौना, सौंदर्य प्रसाधन, चाट-चाउमिन सहित झूला आदि का आनंद ले सकते है। मंगलवार को विजय दशमी की शाम पांच बजे प्रतिमा का विसर्जन कर किला का द्वार आम जनों के लिए बंद कर दिया जाएगा। इस मौके पर माधुरी मंजरी देवी, कल्पना देवी, अजय नाथ शहदेव, राजेश शाहदेव, संजय नाथ शाहदेव, नितेश नाथ शाहदेव आदि थे। वहीं, मंगलवार को महादेव टंगरा, झखराटांड़ व कटहल मोड़ में रावण दहन किया जाएगा। पूजा के दौरान रातू थाना में कंट्रोल रुम बनाकर निगरानी की जा रही है।

आस्था: पत्नी के साथ मां दुर्गा के दरबार में पहुंचे सिल्ली विधायक

## मां दुर्गा झारखंड में अमन-चैन व शांति स्थापित करें : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिल्ली।** नवरात्रि के अवसर पर सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो पूरे परिवार के साथ अपने पैतृक गांव लगाम के पूजा पंडाल में विधिवत पूजा अर्चना किये और पूरे राज्य में खुशहाली और कल्याण के लिए मां दुर्गा से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि मां राज्य में अमन चैन और शांति स्थापित करें। दूसरी ओर, दुर्गा पूजा नवरात्र को लेकर क्षेत्र में सभी पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूरा क्षेत्र भक्ति के भौसागर में डूबा हुआ है। रविवार को महाअष्टमी पर महिलाएं सुबह से ही सज धज कर पंडालों में पूजा की थाली लिए पहुंची और मां की पूजा की। महिलाओं ने बताया कि आज का पूजा नवरात्र के अवसर पर काफी महत्वपूर्ण माना गया है। महागौरी की पूजा पूरे भक्ति भाव से की जा रही है।

## कैमरे की नजर से पूजा परिक्रमा


बेड़ो के तुको में स्थापित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा।


बेड़ो के दिघिया गांव में महिलाओं द्वारा की गयी दुर्गा पूजा।


बेड़ो के घाघरा में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।

## विधायक समरी लाल ने किया पूजा पंडाल का भ्रमण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** विधायक समरीलाल ने रविवार को खलारी के पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान विधायक क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में गए और मां दुर्गा की पूजा की और आशीर्वाद लिया। विधायक का सभी पूजा पंडालों में समिति की ओर से स्वागत भी किया गया। विधायक ने खलारी, धमधमिया, डकरा, मोहननगर सहित कई पूजा पंडालों का भ्रमण किया। विधायक ने क्षेत्र के विकास एवं सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि श्याम सिंह, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, अरविंद सिंह, आनंद सिंह, कृष्णा चौहान, कार्तिक पाण्डेय, अशरफी राम, मुन्नु शर्मा, नागदेव सिंह, पवन गुप्ता आदि थे।

## राज्यपाल बनने पर रघुवर दास को दी बधाई



**खलारी (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल बनाए जाने पर खरवार भोगता समाज विकास संघ ने बधाई दी है। संगठन के केंद्रीय समिति का प्रतिनिधिमंडल रविवार को जमशेदपुर स्थित रघुवर दास के आवास पर जाकर उन्हें बधाई दी और बुके देकर स्वागत किया। इसमें केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, झलकु गंझू, जगरनाथ भोगता, रामनाथ गंझू, उमेश सिंह भोगता, गुमला जिला सरंक्षक मंगल सिंह भोगता आदि थे।

## तमाड़ में अनुसूचित जाति आवासीय बालिका विद्यालय खोलने की मांग को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के तत्वाधान पर रविवार को विधायक विकास कुमार मुंडा के आवास पर जाकर अनुसूचित जाति आवासीय बालिका विद्यालय खोलने की मांग को लेकर दर्जनों लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम विधायक को एक ज्ञापन सौंपा। इसकी अगुवाई अनुसूचित जाति महासभा के नंद कुमार राम ने की। तमाड़ में अनुसूचित जाति आवासीय बालिका विद्यालय के लिए जमीन का अधिग्रहण किया गया है। इसलिए राज्य सरकार शीघ्र इस बालिका विद्यालय का निर्माण कर संचालन करें। इस पर विधायक विकास कुमार मुंडा ने उनकी मांगों पर स्वीकृति दिया। इस मौके पर चंदन कुमार नायक, अजय सेठ, भीम मछुआ, सोहराई स्वासी, निमाई सेठ, राकेश मोहन, अजय कुमार रजक, कार्तिक नायक, अर्जुन राम आदि उपस्थित थे।

## मां दुर्गा के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट से तनाव

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में देवी दुर्गा की प्रतिमा को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट से लोगों में भारी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार रविवार को एक व्यक्ति द्वारा मां दुर्गा के ऊपर आपत्तिजनक पोस्ट फेसबुक में छोड़ा दिया गया था, जिसे लेकर कुछ लोग रविवार को थाना पहुंचे और आरोपित व्यक्ति को गिरफ्तार करने की मांग की। वहीं, बुंडू पुलिस की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार भी कर लिया गया। आरोपित व्यक्ति बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत है। इधर,

## पिठोरियों में मां दुर्गा के दर्शन को उमड़ी भीड़

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में आयोजित शारदीय दुर्गा पूजा पूरी भव्यता से हो रही है। पुरोहित अखिलेश्वर पाठक की अगुवाई में दुर्गा सप्तशती पाठ हो रहा है। कलश स्थापना के दिन से ही रामचरितमानस का पाठ चल रहा है। रविवार को महाअष्टमी की पूजा में सनातन धर्मावलंबी की भारी भीड़ उमड़ी। अपराह्न 5.25 में पूरे विधि-विधान से संधि बलि दी गई। प्रतिदिन संध्या बेला में मां दुर्गा की आरती की जा रही है। वहीं रात में कथा वाचिका संगीता किशोरी द्वारा श्री राम कथा की संगीत में प्रस्तुति की जा रही है। मां दुर्गा की प्रतिमा आकर्षक पंडाल के बीच से सुशोभित हो रही है। नवमी और दशमी को पूजा समिति द्वारा मेला का आयोजन भी दुर्गा मंदिर परिसर में किया गया है। 24 अक्टूबर को नव पत्रिका विसर्जन के साथ ही सायंकाल में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 23 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



# एशियन गेम्स और विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स में पदक जीतनेवाले किट खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**स्वर्ण पदक विजेता को किट की ओर से 5 लाख, रजत पदक विजेता को 3 लाख रुपये और कांस्य विजेता को 2 लाख रुपये दिये गये**

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** चीन के हांगझू में हाल ही में संपन्न हुए 19वें एशियाई खेलों और चेंग्दू में आयोजित 31वें अंतर्विश्व विश्वविद्यालयीन खेलों में पदक जीतनेवाले किट खिलाड़ियों को रविवार को किट और किस की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ओलंपियन अनुराधा विश्वाल, ओड़िशा महिला फुटबॉल टीम की कोच श्रद्धांजलि सामंतराय, ओलंपियन दुती चंद, भारत की सबसे तेज धावक अमिय मल्लिक, ओड़िशा रग्बी एसोसिएशन के सचिव उपेंद मोहंती, किट और किस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत, किट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शरणजीत सिंह, खेल महानिदेशक डॉ गगनेंदु दाश प्रमुख ने पदक विजेताओं को सम्मानित किया। एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता निशानेबाज तजिंदरपाल सिंह और भारतीय हॉकी टीम के रोहिदास को इस मौके पर सम्मानित करने के साथ-साथ प्रत्येक को 5-5 लाख रुपये नकद राशि प्रदान की गयी। इसी तरह एशियाई खेलों में भाला फेंक रजत पदक विजेता किशोर कुमार जेना और डिकैथलॉन रजत पदक विजेता तेजस्विन शंकर को 3-3 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी। वहीं अंतर्विश्व विश्वविद्यालयीन खेलों में 20 किलोमीटर पैदल चाल में कांस्य पदक विजेता प्रियंका और अम्लान बोगोर्हेन को 2 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी।

इस मौके पर सम्मानित खिलाड़ियों ने ऐसे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि किट-किस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत का खेल और खिलाड़ियों के प्रति असीम प्रेम कहीं और देखने को नहीं मिलता है।

उन्होंने कहा कि वे स्वयं किट विश्वविद्यालय के छात्र होने पर खुद पर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें आने वाले दिनों में ओलंपिक में पदक जीतने के लिए प्रेरित करेगा।

इस मौके पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रो अच्युत सामंता ने कहा कि ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व में राज्य सरकार हमेशा खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देती रही है।

प्रो अच्युत सामंत ने कहा कि राज्य सरकार का अनुसरण करते हुए किट और किस शिक्षा के साथ-साथ खेल और खिलाड़ियों को सभी प्रकार के प्रोत्साहन और सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक किट और किस 15 ओलंपियन और 5 हजार से अधिक राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किये हैं। इस मौके पर किट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सिंह ने कहा कि किट और किस जैसा खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के मामले में ऐसा किसी अन्य विश्वविद्यालय देखने को नहीं मिलता है। डॉ गगनेंदु दाश ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि 19वें एशियाई खेलों में किट विश्वविद्यालय के 14 खिलाड़ी शामिल हैं और 31वें विश्व विश्वविद्यालयीन खेल में 14 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है।

# लक्ष्मण सिंह ने एसडीएम और एसडीपीओ के साथ पूजा पंडालों का किया निरीक्षण



**असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की दी चेतावनी, पूजा आयोजकों को दिया खास दिशा-निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गावां, गिरिडीह।** गावां प्रखंड में दुर्गा पूजा और दशहरा को सकुशल संपन्न कराने हेतु रविवार को खोरीमहुआ एसडीएम मनोज कुमार, एसडीपीओ मुकेश कुमार, भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह, बीडीओ महेंद्र रविदास, सीओ अविनाश रंजन व थाना प्रभारी सनी सुप्रभात, गावां मुखिया कन्हाय राम ने संयुक्त रूप से प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर बने दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया और माता रानी के सामने मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूजा पंडाल के आयोजकों को आवश्यक निर्देश दिये गये। साथ ही विधि व्यवस्था का भी गंभीरता से जायजा लिया गया। एसडीएम मनोज कुमार ने आयोजकों से कहा की दुर्गा पूजा पंडाल को लेकर इस बात का ध्यान रखा जाये कि आवागमन बाधित न हो। वहीं एसडीपीओ मुकेश कुमार ने दुर्गा पूजा के मद्देनजर सांप्रदायिक भावना भड़काने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी देते हुए सचेत किया। सोशल मीडिया पर कोई भी पोस्ट करते हैं, तो पुलिस लगातार सोशल मीडिया को हैंडल कर रही है। कोई भी गलत अफवाह पर ध्यान ना दें। अगर कहीं किसी तरह की कोई बात होती है, तो पुलिस को तुरंत सूचित करें। सूचना पर पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी।

पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने शास्त्रोक्त विधि से देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-शांति कामना की। इस मौके पर गावां कालीमंडा प्रबंधन ने पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह का अभिनंदन किया।




## राजनीतिक हलचल

# एमपी: कांग्रेस-भाजपा में असंतोष बरकरार, रूठे मान नहीं रहे

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव का महासंग्राम जारी है। टिकट पर खींचतान रुकने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को भी नाराज कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन चलता रहा। कई विधानसभा से कार्यकर्ता भोपाल पहुंचे और अपना असंतोष जताया। बीजेपी की 12 और कांग्रेस की 18 सीटों पर अभी भी टिकट बदलने की मांग उठ रही है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियों के लिए अपने रूठों को मनाना मुश्किल हो रहा है। प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद नाराज दावेदारों और उनके समर्थकों में असंतोष बना हुआ है। कार्यकर्ताओं का पार्टी मुख्यालय पर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन जारी है। रविवार को भी दोनों ही दलों के असंतुष्ट पार्टी कार्यकर्ताओं ने भोपाल स्थित भाजपा और कांग्रेस कार्यालय पहुंच कर अपनी नाराजगी व्यक्त की। इधर बढ़ते विरोध ने दोनों ही पार्टियों में शीर्ष नेताओं की नींद उड़ा दी है। दोनों ही दलों में नेता दिनभर डैमेज कंट्रोल में जुटे रहे। कांग्रेस में कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और रणदीप सुरजेवाला ने असंतोष को खत्म करने की रणनीति बनायी। वहीं भाजपा में भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, वीडी शर्मा जैसे तमाम नेताओं ने रूठों को मनाने के लिए मोर्चा संभाला। माना जा रहा है कि कालापीपल विधानसभा सीट से घनश्याम चंद्रवंशी को टिकट देकर भाजपा ने अपनी मुश्किलें बढ़ा ली है। यहां पर कार्यकर्ता स्थानीय प्रत्याशी को टिकट दिये जाने की मांग कर रहे हैं। नाराज कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंच कर हंगामा किया। वे यहां धरने पर बैठ गये और प्रत्याशी चंद्रवंशी के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। कार्यकर्ता चंद्रवंशी का टिकट बदलने की मांग पर अड़े हुए थे। उनका कहना था कि बाहरी की जगह स्थानीय नेता को टिकट दिया जाना चाहिए। इधर, कांग्रेस में भी गोविंदपुरा विधानसभा सीट से बड़ी संख्या में नेत्री दीप्ति सिंह समर्थक पीसीसी पहुंचे। उन्होंने यहां गेट के बाहर बैठ कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। ये सभी गोविंदपुरा सीट से रविंद्र साहू को उम्मीदवार बनाये जाने से नाराज थे। उनका कहना था कि महिला के सामने महिला को ही टिकट दिया जाये। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस ने निर्णय नहीं बदला तो आगे भी विरोध जारी रहेगा। भोपाल की दक्षिण पश्चिम विधानसभा सीट पर भी विरोध बरकरार है। नाराज कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भाजपा के नेता वीडी शर्मा के निवास पर पहुंच कर उनका घेराव किया। उन्होंने टिकट में बदलाव किये जाने की मांग उठायी। इतना ही नहीं, उन्होंने सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी भी दी। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पूर्व मंत्री उमा शंकर गुप्ता को टिकट दिया जाये। भगवान दास सबनानी को हटाया जाये।










# ओवैसी ने भी राजस्थान चुनावों में ताल ठोंकी, किसका बिगाड़ेंगे खेल

राजस्थान में विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस खूब पसीना बहा रही है। अब इस चुनावी कसरत में ओवैसी की पार्टी भी मैदान में कूद चुकी है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम ने भी राज्य में ताल ठोंकते हुए, अपने तीन उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। ओवैसी काफी समय से राजस्थान की राजनीति में एंट्री के लिए सक्रिय नजर आ रहे थे। उन्होंने राजस्थान में अपनी सभाओं के दौरान संकेत दिये कि इस बार राजस्थान विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी भी अपना उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही दलों पर हमला करते हुए खुद की पार्टी को दूसरे मोर्चे के रूप में विकल्प बताया है।

## तीन सीटों पर उतारे कैंडिडेट

असदुद्दीन ओवैसी काफी समय से राजस्थान में सक्रिय नजर आ रहे थे। तब से यही माना जा रहा था कि आगामी चुनाव में उनकी पार्टी की भी भागीदारी देखने को मिलेगी। इसको लेकर उन्होंने टोंक समेत कई क्षेत्रों में अपनी चुनावी सभा भी की थी। इस दौरान शनिवार को बीजेपी और कांग्रेस की उम्मीदवारों की लिस्ट आने के बाद उन्होंने भी तीन उम्मीदवारों की घोषणा की है। इनमें जयपुर के हवा महल सीट से जमील खान, सीकर के फतेहपुर से जावेद खान और भरतपुर के कांमा से इमरान नवाब को उम्मीदवार बनाया है।

## और भी नाम आयेंगे

राजस्थान में पहली बार चुनाव लड़ रही ओवैसी की पार्टी 30-40 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की बात कर कह रही। इसी को देखते हुए उन्होंने तीन विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओवैसी ने कहा कि अन्य विधानसभा सीटों पर नामों के चयन को लेकर विचार- विमर्श किया जा रहा है। इसके बाद दूसरी सीटों पर भी उम्मीदवारों की जल्द ही घोषणा की जायेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## पायलट के गढ़ टोंक पर नजर

ओवैसी की नजर टोंक विधानसभा सीट पर है, जो सचिन पायलट का गढ़ है। इसकी वजह टोंक विधानसभा मुस्लिम बाहुल्य सीट है। यहां करीब 60 हजार मतदाता मुस्लिम वर्ग के हैं। मुस्लिम समाज के वोटर्स को देखते हुए ओवैसी ने अपनी पार्टी का उम्मीदवार उतारने की बात कही है। अगर ओवैसी की पार्टी से उम्मीदवार उतारा जाता है, तो चुनाव में पायलट के मुस्लिम वोट बैंक में भी सेंध लग सकती है। इस बीच ओवैसी ने टोंक में बीते दिनों अपनी चुनावी सभा के दौरान सचिन पायलट पर जम कर हमला किया और उन्हें कोई दूसरा गुर्जर बाहुल्य क्षेत्र संभालने की नसीहत भी दी।










| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !












आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**